


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 26 अप्रैल 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 88 | मूल्य - 5 रुपये









## बंगाल चुनावः भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के कालीघाट और अलीपुर पुलिस थाने के प्रभारी बदले गए

**कोलकाता, (भाषा)।**

कोलकाता पुलिस ने शनिवार को कालीघाट और अलीपुर पुलिस थानों के लिए नए थाना प्रभारियों (ओसी) की नियुक्ति की। ये दोनों थाने चर्चित भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी से है। पुलिस आयुक्त अजय नंद द्वारा जारी आदेश में कहा गया गया है कि ये तबादले मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में किए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सबसे चर्चित निर्वाचन क्षेत्रों में से एक भवानीपुर में दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को मतदान होगा। आदेश में कहा गया है कि विशेष शाखा के निरीक्षक गौतम दास को कालीघाट थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण संभाग के निरीक्षक सुब्रत पांडेय को अलीपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष शाखा के निरीक्षक उत्तम कुमार पाइक को कालीघाट थाने का अतिरिक्त थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से रवाना, राष्ट्रपति ट्रंप ने रद्द की अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा..

**इस्लामाबाद, (भाषा)।**

***ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार को पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं के साथ चर्चा करने और युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए तेहरान की मांगों की सूची साझा करने के बाद इस्लामाबाद से रवाना हो गए, जिससे अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।***



अराघची के पाकिस्तान से रवाना होते ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने घोषणा की कि अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफऔर जेरेड कुशनर अब ईरान के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, ''हमारे पास सभी विकल्प मौजूद हैं।'' ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किया, ''मैंने ईरानियों से मिलने के लिए इस्लामाबाद जाने वाले अपने प्रतिनिधियों की यात्रा रद्द कर दी है।'' उन्होंने कहा, ''यात्रा में बहुत समय बर्बाद हो रहा है, काम का बोझ भी बहुत ज्यादा है! इसके अलावा, उनके 'नेतृत्व' में भ्रम की स्थिति है। किसी को नहीं पता कि सत्ता किसके हाथ में है, यहां तक कि उन्हें भी नहीं। साथ ही, हमारे पास सारे विकल्प हैं, उनके पास एक भी नहीं! अगर वे बात करना चाहते हैं, तो उन्हें बस फोन करना है!!'' शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तान की यात्रा अत्यंत सार्थक रही। हमारे क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए किए गए भाईचारे के प्रयासों की हम बहुत सराहना करते हैं। अभी यह देखना बाकी है कि क्या अमेरिका कूटनीति को लेकर वाकई गंभीर है।'' एक बयान में प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि उन्होंने ''क्षेत्रीय स्थिति पर विचारों का बेहद सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान किया। हमने पाकिस्तान-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने सहित पारस्परिक हित के मुद्दों पर भी चर्चा की।'' बैठक में उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार, फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर, गृह मंत्री मोहसिन नकवी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके तुरंत बाद, प्रधानमंत्री शहबाज ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान को फोन किया और क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों पर चर्चा की। क्षेत्रीय शांति के प्रति पाकिस्तान की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने ईमानदार प्रयासों को जारी रखेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, ''दोनों नेताओं ने घनिष्ठ समन्वय जारी रखने पर सहमति जताई।'' ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने शीर्ष अमेरिकी दूतों को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान नहीं जाने का निर्देश दिया है।

ट्रंप ने शनिवार को 'फॉक्स न्यूज' के साथ फोन पर एक संक्षिप्त साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वार्ताकारों स्टीव विटकॉफऔर जेरेड कुशनर से कहा, ''आप अब 18 घंटे की उड़ान भरकर व्यर्थ की बातें करने नहीं जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि ईरानी जब चाहें अमेरिका को फोन कर सकते हैं। अराघची अब अपने तीन देशों के दौरे के दूसरे चरण के लिए ओमान जा रहे हैं। यह वार्ता का दूसरा दौर होना था, क्योंकि 11-12 अप्रैल को हुआ पहला दौर बिना किसी समझौते के समाप्त हो गया था। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अराघची ने मुनीर से औपचारिक मुलाकात की और अमेरिका के साथ शांति वार्ता से संबंधित मामलों पर चर्चा की।''

ईरानी दूतावास ने कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने बाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की और दोनों पक्षों ने ''द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रम की समीक्षा की।'' प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि इस बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार और मुनीर भी मौजूद थे, जहां दोनों पक्षों ने क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की।




## सूर्यवंशी का शतक हुआ बेकार, सनराइजर्स हैदराबाद से 5 विकेट से हारी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, (भाषा)।**

***विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन (74 रन) और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (57 रन) की अर्धशतकीय पारियां 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी (103 रन) के इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक पर भारी पड़ी जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को यहां आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की।***

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने सूर्यवंशी (103 रन) के 36 गेंद में आईपीएल के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक और ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 112 रन साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 229 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। सनराइजर्स हैदराबाद इस तरह आठ मैच में 10 अंक से राजस्थान रॉयल्स को हटाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। राजस्थान रॉयल्स की टीम इतने ही अंक से चौथे नंबर पर खिसक गई। किशन ने 31 गेंद में 11 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि अभिषेक की 29 गेंद की पारी में 11 चौके और एक छक्का जड़ा था। इन दोनों के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी ने 36 और हेनरिक क्लासेन ने 29 रन बनाकर सनराइसर्ज हैदराबाद को जीत के करीब पहुंचाया। सलील अरोड़ा (नाबाद आठ) ने छक्का लगाकर सनराइजर्स हैदराबाद को जीत दिलाई। अभिषेक को दो बार जीवनदान मिला जब वह आठ और 30 रन के स्कोर पर थे। शिमरोन हेटमायर और रविंद्र जडेजा ने उन्हें आउट करने के मौके गंवाए।

पहले ही ओवर में ट्रेविस हेड (06) छक्का लगाने के बाद जोफ्रा आर्चर (34 रन देकर दो विकेट) की अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक और ईशान ने चौथे ओवर में नांद्रे बर्गर पर 19 रन जुटाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। इन दोनों ने टीम को पावरप्ले में एक विकेट पर 89 रन के स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक ने नौंवे ओवर में ब्रजेश पर चौका लगाकर 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर ईशान ने भी 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फरेरा ने इसी 10वें ओवर में अभिषेक की पारी समाप्त की और आर्चर ने शानदार कैच लपका। दस ओवर बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 139 रन था। आर्चर ने ईशान को अपना दूसरा शिकार बनाया जिससे 166 रन पर तीसरा विकेट गिरा। फिर क्लासेन और नीतिश रेड्डी मिलकर टीम को जीत के करीब 219 रन तक ले गए। इससे पहले सूर्यवंशी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में 32 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए लीग का अपना दूसरा और इस सत्र का पहला शतक जड़ा। इस सत्र में इससे पहले वह तीन तूफानी अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।



पंद्रह साल के इस खिलाड़ी ने एक बार फिर अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले का प्रदर्शन किया जिसमें जबरदस्त ताकत और बेहतरीन टाइमिंग का मेल देखने को मिला। यह मैच राजस्थान का इस सत्र का पहला घरेलू मैच था। सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और 12 छक्के जड़े। सूर्यवंशी ने अपनी 36वीं गेंद पर साकिब हुसैन (62 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। इससे आगे उनका खुद का पिछले साल बनाया गया 35 गेंद का शतक और अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए क्रिस गेल का 30 गेंद का शतक मौजूद है।

सूर्यवंशी ने पारी की शुरुआत ही जोरदार अंदाज में की। उन्होंने पहले ओवर की आखिरी चार गेंदों पर प्रफुल हिंगे (49 रन देकर एक विकेट) को ऑन-साइड में दो छक्के और विकेट के पीछे (डाउन द विकेट) दो छक्के जड़े। इस तेज शुरुआत के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। शानदार लय में दिख रहे सूर्यवंशी ने रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने विकेट के दोनों ओर रन बटोरे और पारी की शुरुआत में दो मजबूत साझेदारियां निभाते हुए तेज रन गति बनाए रखी। उनकी तेज शुरुआत की बदौलत पहले विकेट के लिए महज 14 गेंदों में 40 रन जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ 112 रन की साझेदारी करके टीम को और मजबूत किया।

जुरेल ने भी 35 गेंद में आठ चौके और दो छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी से अहम योगदान दिया। सूर्यवंशी की तूफानी पारी उनका शतक पूरा करने के तुरंत बाद ही खत्म हो गई। वहहुसैन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे उनके स्टंप्स के सामने उनके पैरों पर लगी जिसके बाद उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया। इस बीच जुरेल भी दो बार भाग्यशाली रहे। सनराइजर्स हैदराबाद खतरनाक यशस्वी जायसवाल (10) को जल्दी ही आउट करने में कामयाब रही। पांचवें ओवर में ईशान मलिंगा (38 रन देकर दो विकेट) ने सूर्यवंशी को आउट करने का मौका बनाया लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया। एक लेंथ बॉल पर सूर्यवंशी ने गेंद को ऑन-साइड की तरफजोर से मारने की कोशिश की, लेकिन वह गेंद को सही टाइम नहीं कर पाए। अनिकेत रेड्डी ने डीप मिडविकेट पर अपनी दाईं ओर कुछ दूरी तय की, लेकिन गेंद उनके हाथों से फिसल गई जो सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक बहुत महंगी गलती साबित हुई। इसके बाद सूर्यवंशी ने हुसैन के छठे ओवर में एक छक्का लगाकर सिर्फ 15 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। राजस्थान रॉयल्स को डोनोवन फरेरा की 16 गेंद में खेली गई 33 रन की तेज पारी से भी मदद मिली जिसमें तीन छक्के और उतने ही चौके शामिल थे। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 27 रन देकर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (07) के रूप में एक विकेट लेकर वापसी की।

## तेलंगाना पुलिस के समक्ष किया 47 माओवादियों ने आत्मसमर्पण..

**हैदराबाद, (भाषा)।**

तेलंगाना पुलिस के समक्ष भाकपा (माओवादी) के 47 भूमिगत सदस्यों ने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया और उन्होंने 32 हथियार भी सौंपे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी शिवधर रेड्डी ने पत्रकारों को बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में हेमला इयथु उर्फविजया भी शामिल है, जो दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य और भाकपा (माओवादी) की दक्षिण बस्तर संभागीय समिति का प्रभारी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अपील के अनुसार और तेलंगाना सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति तथा राज्य पुलिस के सहायक रवैये से प्रभावित होकर 47 नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि 47 नक्सली छत्तीसगढ़ के हैं। उन्होंने बताया कि इन 32 आग्नेयास्त्रों में चार एके 47 राइफल, एक एलएमजी (लाइट मशीन गन), तीन एसएलआर राइफल और लैंडमाइन में इस्तेमाल होने वाले कॉर्डटेक्स तार के 10 बंडल (100 किलोग्राम) शामिल हैं। रेड्डी ने कहा कि शेष बचे कुछ सदस्य भविष्य में आत्मसमर्पण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 से अब तक तेलंगाना पुलिस के सामने 818 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि माओवादियों को अमेरिका और इजराइल में बने हथियार कैसे मिले, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां तेलंगाना को पहले ही माओवादी मुक्त घोषित किया जा चुका है, वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ लगभग माओवादी मुक्त हो चुका है। रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना से केवल चार सक्रिय भूमिगत कैडर राज्य के बाहर विभिन्न संगठनों में बचे हैं। वर्ष 2023 में यह संख्या 125 थी।

डीजीपी ने उनसे हथियार डालने और मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। चार में से, मुप्पाला लक्ष्मण राव उर्फगणपति और पासनुरी नरहरि केंद्रीय समिति के सदस्य हैं, जबकि जेड रत्ना बाई और वर्था शेखर राज्य समिति के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) बटालियन अब लगभग अस्तित्वहीन हो चुकी है।





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क –
9329033433

# सिवनी में माँ पीतांबरा बगलामुखी देवी का भव्य जन्मोत्सव, श्रद्धा और भक्ति से गूंजा धाम



**जगप्रेरणा सिवनी।**
**जिले में माँ पीतांबरा बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार (वैशाख शुक्ल अष्टमी) को बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।**

माँ बगलामुखी शक्ति सिद्ध पीठ सिवनी में आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्तों और साधकों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अप्रैल, बुधवार से पूज्य गुरुमाता देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी के पावन सानिध्य में हुआ। इस दौरान रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक मंत्रजाप, पूजन-अनुष्ठान, जलाभिषेक, दिव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल को भी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक गुरु माँ के साक्ष्य में साधकों एवं शिष्यों द्वारा विधिवत सामूहिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

मुख्य दिन 24 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र काठियावाड़ के पवित्र हरिद्रा सरोवर से लाए गए जल से माँ भगवती का दिव्य अभिषेक किया गया। गौपंचामृत, कनेर, पलाश, चंपा सहित विविध पुष्पों से माँ का भव्य श्रृंगार किया गया और अनेक प्रकार के व्यंजनों से भोग अर्पित किया गया।

दोपहर में गुरुमाता द्वारा श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा प्रदान की गई तथा माँ बगलामुखी की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गुरु माँ ने उद्बोधन देते हुए कहा माँ बगलामुखी देवी शत्रु स्तंभन बाधामुक्ति, वाक्य सिद्धि, एवं सर्व कष्ट निवारण, की देवी हैं। माँ बगलामुखी के प्रति अटूट विश्वास कर लेना एवं माँ की शरण पा लेना ही परम सौभाग्य है। जिन्हें माँ की शरण मिल गई उनका जीवन धन्य धन्य हो जाता है। आपके जीवन में भी सर्व सुख पाना चाहते हैं तो मैया पीतांबरा की शरण प्राप्त कर जीवन को पूर्ण सार्थक बनाने का प्रयास करें। संध्याकाल में शाम 7 बजे माँ की महाआरती सम्पन्न हुई, जिसके पश्चात कढ़ी-चावल सहित विविध व्यंजनों का महाप्रसाद वितरित किया गया।

रात्रि 8 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छिंदवाड़ा, जबलपुर और सिवनी सहित विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अनेक भक्तों और कलाकारों का सहयोग सराहनीय रहा।

समापन अवसर पर पूज्य गुरु माँ देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी ने सभी भक्तों और कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए माँ से प्रार्थना की कि जिन श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया है, उनके जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की वर्षा हो तथा वे सभी कष्टों, रोगों और बाधाओं से मुक्त रहें।

पूरे आयोजन ने सिवनी को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया, जिससे यह जन्मोत्सव क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और यादगार उत्सव बन गया। माँ भगवती पीतांबरा के हृदय प्रिय साधक भक्तों द्वारा रात्री 8बजे से माई की इक्षा तक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया रात्रि 8:00 बजे बाहर से आए हुए कलाकारों ने अपनी भव्य प्रस्तुति दी जिसमें छिंदवाड़ा जबलपुर सिवनी से आए हुए कलाकार द्वारा भव्य प्रस्तुति, सत्यम बैन, मास्टर सूरज शिवम बैन, शिवम सेन, कौशिक, राम डहेरिया बबल, रिंकी सोनी। यामिनी गोस्वामी, तपस्या गिरी, आराध्या गोस्वामी, ब्रजेश्वरी गोस्वामी, शिवदर्शन गिरी, रामायण सिंग बैन, कृष्णा गोस्वामी, मुन्ना लाल बर्मन, नेपाल चंद्रवंशी, मनीष डहेरिया, आशीष तंतुवाय सभी भक्तों का सहयोग बहुत सराहनीय रहा।

कार्यक्रम समापन की बेला में गुरु माँ देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी ने सभी कलाकारों भक्तों को सहृदय अनुग्रह शुभ आशीर्वाद प्रदान किया द्य गुरु माँ ने मैया रानी से प्रार्थना करते हुए कहा हे माते जिन जिन शिष्यों ने मैया के कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में अपना अमूल्य समय एवं सहयोग प्रदान किया है मैया उनके नित्य नये भंडार भरे, आपका जीवन सारे कष्टों से मुक्त हो, रोग भय शत्रुबाधा से मुक्त हो मईया की अपार कृपा से जीवन परम आनंदमय मंगलमय हो।

# डोकररांजी आगजनी पीड़ित को रेड क्रॉस से मिली आर्थिक सहायता..







**जगप्रेरणा सिवनी।**
विकासखंड सिवनी के ग्राम डोकररांजी में विगत 22 अप्रैल को हुई भीषण आगजनी की घटना से प्रभावित परिवार को राहत प्रदान करने हेतु मानवीय पहल सामने आई है। रेड क्रास मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्याम सिंह कुमरे एवं जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के सहयोग से रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि अचानक लगी आग में संतलाल कनौजिया, राजकुमार राय, रामकुमार डेहरिया, नरेश यादव, प्रेमचंद गायकवाड एवं अरविंद बघेल सहित 6 परिवार के कच्चे मकान तथा पशु बांधने के सार पूरी तरह जलकर राख हो गए थे। इस दुखद घटना में एक गाय की जलकर मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य पशु घायल हो गए।

आगजनी से संतलाल कनौजिया के घर में रखे कपड़े, गहने, अनाज, बर्तन सहित दैनिक उपयोग की सभी सामग्री नष्ट हो गई, जिससे परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया। घटना के बाद ग्रामवासियों ने मिलकर पीड़ित परिवारों के भोजन एवं अन्य आवश्यक जरूरतों की व्यवस्था की। घटना की जानकारी मिलते ही जिला भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने रेड क्रॉस मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्याम सिंह कुमरे को घटना से अवगत कराते हुए सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

श्री कुमरे द्वारा तत्परता दिखाते हुए जिला कलेक्टर नेहा मीना से चर्चा की गई, जिसके परिणामस्वरूप रेड क्रॉस के माध्यम से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस सहयोग से प्रभावित परिवारों को राहत मिली! भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले के अधिकारियों से चर्चा अनुसार आगजनी से पीड़ित प्रभावित शेष सभी परिवारों को आर बीसी 6/4 के तहत साहयता उपलब्ध कराई जायेगी।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

# नोनिया में स्वच्छता व जल संरक्षण की मिसाल, युवाओं ने संभाली कमान



**जगप्रेरणा धनौरा।**
ग्राम नोनिया में स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। कम्युनिटी यूथ लीडर संदीप डेहरिया के नेतृत्व में गांव के प्रमुख जल स्त्रोतों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम सरपंच रामेश्वर सलाम के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान जल स्त्रोतों के आसपास फैली गंदगी की सफाई की गई और ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों को जल बचाने और जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सक्षम ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नेत्रपाल सिंह कटरे, प्रधान पाठक सुरेश रहागडाले, शिक्षक गुल्मीर कुरैशी, रविशंकर जावरे, मेंटर शिक्षक इकबाल खान सहित ग्राम की मातृ शक्तियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। यह अभियान ग्राम स्तर पर युवाओं की नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सहभागिता और त्वरित पहल का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

# मोहबर्रा में गहराया पानी का जल संकट

## भीषण गर्मी में पेय जल की समस्या से जूझते ग्रामीण..

**जगप्रेरणा उगली।**
सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी मुख्यालय के उगली उप तहसील से महज 2 किलोमीटर की दूरी मोहबर्रा ग्राम पंचायत जो जनसंख्या के दृष्टिकोण से एक बड़ी पंचायतों में शुमार है, जहां विगत दिनों से पानी की भीषण समस्या बनी हुई है, ग्रामीणों को ना पीने का जल उपलब्ध हो रहा है, बल्कि भीषण जल संकट के अभाव में ग्राम पंचायत भी अपने स्तर पर सुविधाओं को देने में जद्दोजहद करती नजर आ रही है,

इस संबंध में ग्राम पंचायत मोहबर्रा की सरपंच, उप सरपंच, सचिव और ग्रामीणों से जब रूबरू हुए तो जानकारी लगी की, मोहबर्रा ग्राम में एक दिन के अंतराल में नल जल की सप्लाई के आधार पर पानी की उपलब्धता की जा रही है, पहले ऐसा नहीं होता था, जिस पानी की टंकी को भरने का स्रोत है, वहां एक बगाड़ी कुआं से नियमित जलापूर्ति होती थी, उसके निकट के किसानों के द्वारा नजदीक बोरिंग करवाया गया हैं, जिन्होंने रवि की फसलें लगा रखे हैं, जिसके आधार पर गहरे बोरवेल का उत्खनन हुआ है, जहां लगातार 24 घंटे रवि की फसल के लिए किसानों की मोटर चलती हैं, जिससे इस बगाड़ी कुआं का जलस्तर गिर चुका है, एक जमाने में इस बगाड़ी कुआं मोहबर्रा और आसपास के क्षेत्र के लिए वरदान साबित होती थी, लेकिन गहरे नलकूप खनन, बोरवेल्स के कारण पानी का जलस्तर लगभग समाप्त हो चुका है, जिसके आधार पर एक दिन के अंतराल में पानी की उपलब्धता करवाई जा रही है, जिसको लेकर मोहबर्रा ग्राम में जल संकट गहराया हुआ है, वर्तमान में जल अभाव ग्रसित सिवनी जिला को विगत 15 मार्च से कलेक्टर के द्वारा किया गया है, जिसके आधार पर नल जल के खनन बोरिंग जिले में प्रतिबंधित भी है, लेकिन वर्तमान समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत का कहना है कि शासन प्रशासन कलेक्टर, तहसीलदार, एसडीएम यदि नलकूप खनन की परमिशन दे देते हैं, तो कुआं के निकट एक बोर करवा कर इस समस्या का निवारण किया जा सकता है, अभी अप्रैल माह का दूसरा पखवाड़ा ही है, और पूरा मई और जून बाकी है, हिंदू महीने के अनुसार इस बार दो जेठ भी पड़ेंगे और भीषण गर्मी से जूझना पड़ेगा, मानसून के आने से पूर्व दिनों दिन बढ़ते तापमान के कारण पानी की समस्या और भी भीषण और गंभीर होने वाली है, शासन प्रशासन मोहबर्रा ग्राम की ओर अपना ध्यान आकर्षण करके शीघ्र विकल्प के तौर पर नलकूप खनन की परमिशन देते हैं, तो इस समस्या से राहत मिल सकती है।

# टेंट का सामान भरकर जा रही ट्राली पलटी, चार घायल..



**जगप्रेरणा छपारा।**
नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन के ग्राम रणधीर नगर के पास कुरई क्षेत्र गोपालगंज से टेंट का सामान भरकर ग्राम कड़वी आ रही ट्रेक्टर -ट्राली पलट गई जिसमें सवार कुल 6 लोगों में चार को चोटें आई जिन्हें एन एच ए आई की एंबुलेंस ने सूचना पर छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

वहीं पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को दोपहर लगभग 4:30 बजे गोपालगंज से टेंट हाउस का सामान भरकर भीमगढ रोड़ स्थित ग्राम कड़वी मे 26 अप्रैल को शादी समारोह के आ रहे थे कि एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम रणधीर नगर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई जिसमें शुभम पिता विनोद उईके, राजेश मर्सकोले पिता जीवन लाल मर्सकोले, संजय मर्सकोले पिता ड्राईवर गोविंद पटेल और गोलु गोपालगंज निवासी को इस दुर्घटना में मुंह, हाथ, सिर और पैर अंगों में चोटें आई हैं।

# बस स्टैंड धनौरा में शुद्ध ठंडे पेयजल की हुई व्यवस्था..

## वाटर कूलर से 24 घंटे मिलेगा पानी..



**जगप्रेरणा धनौरा।**
ग्राम पंचायत धनौरा द्वारा बाजार चौक बस स्टैंड में शुद्ध ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है।

ग्राम पंचायत के प्रयासों से इस जनहितकारी सुविधा को मूर्त रूप दिया गया है, जिससे अब क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र में पीपल के पेड़ के नीचे वाटर कूलर स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से अब क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों को 24 घंटे शुद्ध ठंडा पेयजल उपलब्ध रहेगा। गर्मी के बढ़ते तापमान को देखते हुए यह व्यवस्था लोगों के लिए काफी राहत भरी साबित हो रही है। बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में इस सुविधा से सभी को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय ग्रामवासियों ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार की जनहितकारी पहलें समाज के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं, विशेषकर गर्मी के मौसम में। इस कार्य में प्रभारी वित्तीय सरपंच गिरजाबाई, उपसरपंच अतुल जैन, पंच मनोज बकौड़े, समस्त ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत खिलाड़ियों ने दिए सशक्तिकरण के संदेश



**जगप्रेरणा सिवनी।**
नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सिवनी द्वारा मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे एवं विभागीय स्टाफ द्वारा अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर खिलाड़ियों से स्लोगन लेखन एवं विचार अभिव्यक्ति गतिविधि कराई गई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी खिलाड़ियों को बिस्किट वितरित किए गए। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने विशेष रूप से तैयार किए गए स्लोगन बोर्ड पर अपने संदेश लिखकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आभार प्रदर्शन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का व्यस्ततम समय में कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आभार व्यक्त किया, साथ ही कोचों एवं खिलाड़ियों का भी धन्यवाद देते हुए खेलों के माध्यम से बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन निकेश पदमाकर द्वारा किया गया।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## सीयूटी परीक्षा 27 अप्रैल से 14 मई तक आयोजित..

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2026-27 में प्रवेश के लिए CUT परीक्षा प्रधानमंत्री

कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं उनको संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा।

स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/ माइनर के इतर अन्य विषय/ संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें भी अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। ऐसे विद्यार्थी प्रातः 11 से 2:00 बजे के बीच कार्य दिवस में किसी भी दिन, दिनांक 27 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते हैं।

# पेट्रोल की किल्लत से जूझते ग्रामीण




**जगप्रेरणा उगली।**
**अमेरिका -ईरान युद्ध के बाद वार क्राइसिस से संपूर्ण भारत में एलपीजी और पेट्रोल डीजल फ्यूल की समस्या नियमित देखने को मिल रही थी, जिसके आधार पर ग्रामीण अंचलों में अभी भी लंबी कतार लगाकर**

दो पहिया व चौपाया वाहनों को डीजल विशेष तौर पर पेट्रोल के लिए लंबी लंबी कतार पेट्रोल पंपों में देखी जा रही। सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा के केवलारी के उगली मुख्यालय मोहबर्रा में दो पेट्रोल पंपो का संचालन पिछले एक दशक से हो रहा है. जहां बीते दिन एक पेट्रोल पंप में पेट्रोल नहीं मिल रहा है,वहीं दूसरे पेट्रोल पंप में मात्र100 दोपहिया व 500 का पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है, बड़े शहरों में यह समस्या बिल्कुल नहीं है, उगली उप तहसील के अंतर्गत कुल 32 ग्राम पंचायत और लगभग 70 छोटे बड़े गांव का बाहुल्य आबादी वाला क्षेत्र है, कुल मिलाकर इस क्षेत्र अंतर्गत केवल तीन ही पेट्रोल पंप जहां ग्रामीण क्षेत्र की उपभोग कर्ता वाहन मालिकों को पेट्रोल डीजल की समस्याओं से जूझते नियमित देखा जा रहा है,

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदनशील कलेक्टर और जिला प्रशासन को इस क्षेत्र की ईंधन और एलपीजी संबंधित समस्याओं के ऊपर ध्यान आकर्षण करवाने का प्रयाश किया जा रहा है,क्योंकि गांव कस्बे में भी बड़ी बसाहट वाले क्षेत्रीय ग्रामीण जीवन व्यापन करते हैं,जिनके दैनिक जीवन में वाहनों का आवा जाही और वर्तमान में अभी शादी समारोह के कार्यक्रम भी चल रहे है, आधुनिकता की इस दौर में पेट्रोल गाडियों से ही लोग अपने दैनिक कार्य कर पाते हैं, लेकिन पेट्रोल पंपों में इस तरह लंबी कतारों से जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है।

## बोले पेट्रोल पंप संचालक गौरव बिसेन..

पेट्रोल पंप संचालक गौरव बिसेन का कहना है कि हम बड़े ट्रैकों में जेसीबी में टोटल डीजल नहीं दे रहे हैं और छोटे वाहनों में पेट्रोल, डीजल दिया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण अंचल के पेट्रोल पंपों में समस्याएं हैं,जिसके ऊपर जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए. और दूसरे पंपों के संचालकों से भी संपर्क किया गया तो एक जानकारी दिए की दो- दो,तीन-तीन दिन के वेटिंग अंतराल में लोड उपलब्ध कराया जा रहा है एडवांस में डीडी देने के बाद भी ईंधन की आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है, हमारे पंपों में हर एक-दो दिन के बाद ड्राई कंडीशन उत्पन्न हो जाती है,जिससे हमारे साथ-साथ ग्राहकों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है, इस तरह बात करें पूरी उगली उप तहसील के अंतर्गत पां. छपारा क्षेत्र में रेचना ग्राम में गीता फ्यूल्स और मोहबर्रा ग्राम में दो पेट्रोल पंप से पूरे क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की सुविधा उपलब्ध होता है।

दैनिक उपयोगकर्ता छोटे वाहन मालिकों से पूछा गया तो बोले हमें प्रतिदिन 1 से 2 लीटर पेट्रोल की जरूरत पड़ती है, अब इतने से कार्य के लिए हम सिवनी,बालाघाट थोड़ी जाएंगे, कृपया शासन प्रशासन को ग्रामीण अंचलों में स्थित पेट्रोल पंपों के ऊपर ध्यान देने की आवश्यकता है।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# सांसद मुर्दाबाद के लगाए महिलाओं ने नारे, तब 21 दिन बाद शराब दुकान के विरोध आंदोलन में पहुंची सांसद भारती पारधी..

- मीडिया के सवाल पर बोली भारती पारधी, ये नही कह सकते कि कितने दिन में बंद होगी शराब दुकान..
- तो वही अब शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी और ब्रॉडगेज संघर्ष समिति ने भी दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम..
- वार्ड नंबर 25 मे शराब दुकान के विरोध मे कदम पीछे लेने तैयार नही आंदोलनकारी महिलाएं.. रात और दिन दे रही पहरा..



पिछले 21 दिनो से लगातार रात भर शराब दुकान के बाहर पहरा देती और भोजन करते हुए आंदोलन को तटस्थ रुप से जारी रखती हुई महिलाएं.. - छाया - सोनु - जगप्रेरणा बालाघाट

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर व जिले में अनेक रिहाईशी इलाकों में लगातार शराब दुकानों के खिलाफ आंदोलन शुरु है। विशेषकर बालाघाट शहर के मोतीनगर के समीप गार्डन के सामने और गर्ल्स कॉलेज तथा गर्ल्स स्कूल के समीप ही एक शराब दुकान को लेकर 6 अप्रैल से निरंतर महिलाओं के तटस्थ नेतृत्व में आंदोलन के 21 दिन हो चुके है। इस आंदोलन को समर्थन देने के लिये महिला नेत्री विधायक अनुभा मुंजारे और नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर भी पहुंची, लेकिन यह बड़े ही शर्म की बात कही जा***

सकती है कि बालाघाट की पहली बार महिला सांसद निर्वाचित भारती पारधी 20 दिनों से शराब दुकान के विरोध में रात रात जाग कर शराब दुकान को नहीं खुलने देने तथा शराब दुकान में शराब सामग्रीयां नहीं पहुंचने देने के लिये अडिग होकर आंदोलनरत महिलाओं का समर्थन करने के लिये नहीं पहुंची, बल्कि जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया कर्मियों ने शराब दुकान के संदर्भ में सांसद भारती पारधी से सवाल पूछे तो भारती पारधी उठ खड़ी हुई और बात को टालते हुए कह दिया कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस इस विषय को लेकर नहीं है, और इस तरह एक महिला नेत्री होकर जिस तरह से महिलाओं के प्रति गैरजिम्मेदारी भरा बयान भारती पारधी ने दिया, हर तरफ भारती पारधी के ऐसे रवैये को लेकर भारी नाराजगी दिखाई दी। सोशल मीडिया में भी लोगों ने भारती पारधी के रवैये की आलोचना की, तो वहीं सूचना और निवेदन के बाद भी जब भारती पारधी महिला आंदोलनकारियों की गुहार सुनने तक नहीं पहुंची,

**तब 20 वें दिन 24 अप्रैल की रात में प्रदर्शन के दौरान आखिरकार महिला आंदोलनकारियों ने बालाघाट की सांसद भारती पारधी मुर्दाबाद के नारे लगाए, जमकर विरोध प्रदर्शन किया।**



## और फिर 21 वे दिन पहुंची भी तो ऐसी जैसे रस्मोअदाई कर रही हो..

गौरतलब है कि बालाघाट में वार्ड नं. 25 में शराब दुकान के विरोध में आंदोलनकारियों के द्वारा सांसद मुर्दाबाद के नारे लगाने की सूचना भारती पारधी को मिली, तो अपनी खिस्कती जमीन को बचाने के लिये भारती पारधी आंदोलनकारी महिलाओं से मिलने के लिये पहुंची, लेकिन अफसोस यहां भी भारती पारधी सिर्फ रस्मोअदायगी करती नजर आई। भारती पारधी बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आई, और जब मीडिया ने सांसद से सवाल किये तो सवाल भी असहाय और कमजोर सांसद वाले ही दिये।

## बोली भारती पारधी..

गौरतलब है कि भारती पारधी से जब मीडिया ने सवाल किये कितने दिनों के अंदर ये शराब दुकान आप यहां से हटवा देंगी, तो भारती पारधी ने कहा कि ये तो मैं नहीं बता सकती कि कितने दिनों में हट जायेगी, लेकिन हम प्रयास कर रहे हैं, जल्दी से जल्दी हो सके, क्योंकि बहुत तपस्या हमारी बहनों ने कर ली है। भारती पारधी ने यह भी कहा कि मुझे जानकारी में जरुर था कि शराब दुकान के विरोध में आंदोलन किया जा रहा है।

## क्या शर्मनाक नही है भारती पारधी का ऐसा बयान?

गौरतलब है कि सत्ता पक्ष की एक सांसद जो कि संसद में बात उठाने की ताकत रखती है, लेकिन वह जानकारी के बाद भी सांसद मुर्दाबाद लगाये जाने के नारे लगने के बाद 21 वें दिन आंदोलनकारी जो कि खुद महिलाएं हैं उनके पास पहुंचती है और फिर यहां पर यह दावे से कहने की ताकत नहीं रखती कि शराब दुकान वो वहां से तुरंत हटवा देगी। गौरतलब है कि यदि कोई संवेदनशील और जवाबदार जनप्रतिनिधि होती सांसद भारती पारधी, तो खुद महिला आंदोलनकारियों के साथ रात में जाकर सोती और शराब दुकान हटाने के लिये प्रशासन पर दबाव बनाती, लेकिन सांसद भारती पारधी ने जिस तरह का जवाब दिया, माना जा सकता है कि भारती पारधी एक कमजोर और असहाय ही नहीं बल्कि भ्रष्ट और गैर जिम्मेदार तथा संवेदनहीन सांसद भी है।

## क्या भारती पारधी को सांसद बनाने का दुष्परिणम भुगत रही आम जनता..

गौरतलब है कि भारती पारधी के राजनीतिक जीवन पर ध्यान केन्द्रित किया जाए तो उनके नेतृत्व में कभी उन्होंने कोई आंदोलन नहीं किया। कभी भारती पारधी जनआवाज को बुलंद करने वाली महिला नेत्री नहीं बन सकी। कभी किसी जरुरतमंद की मदद के लिये उन्हें आगे आते नहीं देखा गया, तथा जब एक पार्षद के रुप में उन्हें मौका मिला, तो अपने वार्डवासियों का भी वे बेहतर ख्याल नहीं रख सकी। ऐसी संवेदनहीन और निरुत्साही तथा कर्त्तव्यहीन महिला को राजनीतिक एप्रोच के दम पर भाजपा ने सांसद का टिकिट दे दिया, और मोदी लहर में मोहतरमा सांसद बन गई, लेकिन उसका परिणाम अब जिले की जनता भुगत रही है। क्षेत्र की जनता के बीच कम और दिल्ली भोपाल में बड़े नेताओं के इर्द गिर्द पहुंचकर फोटो खींचवाकर सोशल मीडिया में डालकर मानो सांसद अपना शौक पूरा करती नजर आती है, और अपना प्रभाव और राजनीतिक हैसियत दिखाने का प्रयास करती है, लेकिन बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र की जनता की जायज मांगों को त्वरित पूरा करवाने की हैसियत भारती पारधी जरुर नहीं बना पाई, यह तो कहा ही जा सकता है।





## कहां है मौसम, गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे भी..

गौरतलब है कि बालाघाट नगर में सभी जानते हैं कि प्रेमनगर, मोतीनगर, बूढ़ी आदि स्थान रिहायशी इलाकों में आते हैं, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार भले ही नियम 100 मीटर दूरी पर शराब दुकान संचालित करने के हों, लेकिन यदि पूरा ईलाका रिहायशी हो तो फिर 100 मीटर की जगह 200 मीटर की दूरी पर भी शराब दुकानों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये, विशेषकर जिस मार्ग से छात्र छात्राओं का आना जाना लगा रहता है, लेकिन इसके बाद भी शराब दुकानों को लेकर तीव्र आंदोलन के बावजूद प्रशासन ने शराब दुकान को हटाने का निर्णय नहीं दिया है। एक तरफ जहां सांसद भारती पारधी परभी निर्वाचित प्रतिनिधि होने के बाद भी जनआंदोलन से दूरी बनाने के आरोप लोगों ने लगाए, वहीं लोग यह भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि अपने आपको जिले का कर्णधार बताने वाले गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे और गौरीशंकर बिसेन के राजनीतिक प्रभाव से पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य बनी उनकी लाडली बड़ी नेता मौसम बिसेन हरिनखेड़े आदि सब कहां है, और क्यों नहीं ये सब महिलाओं के जनआंदोलन के लिये सामने आ रहे हैं, आखिर क्या भाजपा के ये नेता सिर्फ बातों से ही संस्कारों और विचारों की बातें करके जनता को बरगलाते रहेंगे।

## भाजपा नेत्री आशा बिसेन की दुकान दी गई शराब दुकान के लिये..

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 25 में शराब ठेकेदार को शराब दुकान संचालित करने के लिये जो दुकान किराये से दी गई है, वह पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष और भाजपा नेत्री आशा बिसेन की दुकान है, यह जानकारी भी वार्डवासियों ने दी है, तथा कहा जा रहा है कि आशा बिसेन गौरीशंकर बिसेन और भारती पारधी की रिश्तेदार है, इसलिये शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे आंदोलनकारियों का समर्थन करने के लिये जहां गौरीशंकर बिसेन और मौसम बिसेन हरिनखेड़े नहीं पहुंचे, वहीं सांसद भारती पारधी भी अब तक नहीं पहुंची थी, तथा चूंकि सांसद मुर्दाबाद के नारे लगे, तब भारती पारधी औपचारिकता निभाने वहां पहुंच गई।

## 24 घंटे में शराब दुकान नही हटी तो शहर कांग्रेस कमेटी भी होगी आंदोलन में शामिल - श्याम पंजवानी



बालाघाट के वार्ड नंबर 25 में 21 दिन से चल रहे आंदोलन के बाद भी जबकि जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने शराब दुकान अन्यत्र हटाने का आदेश नहीं दिया है, तथा विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भी शराब दुकान हटाने की मांग का समर्थन किया है, तथा मुर्दाबाद के नारे लगने के बाद अब सांसद भारती पारधी भी शराब आंदोलनकारियों के पक्ष में आ गई है, ऐसे में अब प्रशासन को 24 घंटे में यह शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित कर देना चाहिये, नहीं तो अब बालाघाट शहर कांग्रेस कमेटी भी इस आंदोलन में शामिल होगी, यह बात आंदोलन के बढ़ते क्रम में आज बालाघाट शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कही। श्याम पंजवानी ने कहा कि यदि 26 अप्रैल को शराब दुकान हटाने के आदेश नहीं हुए तो फिर 27 अप्रैल से शहर कांग्रेस कमेटी भी महिलाओं के समर्थन में आंदोलन में भाग लेगी।

## 24 घंटे में शराब दुकान हटाने ब्रॉडगेज संघर्ष समिति ने भी दी चेतावनी..



गौरतलब है कि बालाघाट में वार्ड नं. 25 में शराब दुकान हटाने को लेकर आंदोलन अब और चरम पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी के अलावा ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अधिवक्ता अनुप सिंह बैस ने भी कहा है कि 21 दिन से आंदोलनरत महिलाओं को अब न्याय मिलना चाहिये। यदि 26 अप्रैल तक प्रशासन ने शराब दुकान हटाने का आदेश नहीं दिया तो फिर 27 अप्रैल से ब्रॉडगेज संघर्ष समिति और साथ ही अधिवक्ता साथी भी शराब दुकान हटाने के लिये संघर्षरत महिलाओं के समर्थन में आंदोलन में भागीदार बनेंगे।

## बूढ़ी और सालेटेका में भी हो रहा आंदोलन..



गौरतलब है कि रिहायशी इलाकों में शराब दुकान संचालित होने से शराबी शराब के नशे में तरह तरह की हरकतें कर बैठते हैं, जिससे कि महिलाएं और बच्चियों को परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार बूढ़ी और ग्राम सालेटेका में भी शराब दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरु है। आंदोलनरत महिलाओं का कहना है कि शराबी कहीं भी सड़क पर खड़े होकर पेशाब करने लगते हैं, महिलाओं को और बच्चियों को छेड़ देते हैं। गाली गलौच करते हैं, इस तरह की हरकतों से हम परेशान हो गए हैं, और शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन सहयोग नहीं कर रहा।

# बंटी बत्रा की माताजी श्रीमती पुष्पा रामप्रकाश बत्रा का दुखद निधन..

## आज निकलेगी अंतिम यात्रा



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर के प्रेमनगर निवासी सेवानिवृत्त प्रोफेसर स्व. रामप्रकाश जी बत्रा की धर्मपत्नी एवं प्रमुख प्रिंटिंग व्यवसायी बंटी (धीरेन्द्र) बत्रा की माताजी श्रीमती पुष्पा रामप्रकाश बत्रा का आज 25 अप्रैल की***

शाम को अचानक दुखद निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थी, तथा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. पुष्पा रामप्रकाश बत्रा के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 26 अप्रैल को उनके निज निवास से शाम 4.30 बजे स्थानीय मोक्षधाम की ओर रवाना होगी।

# पेड़ से गिरकर 45 वर्षीय राजकुमार हुआ घायल..

जगप्रेरणा बालाघाट। जिले के लामता थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम दुरेंदा चरेगांव से घटना सामने आई है जहां पर 45 वर्षीय व्यक्ति पेड़ से गिरकर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घायल राजकुमार पिता परदेसी पंद्रे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम दुरेंदा चरेगांव थाना लामता निवासी है जो गांव के पास ही जंगल में चारबिजी के पेड़ पर चढ़ा था जिससे गिरकर वह घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पुलिस चौकी ने घायल का बयान दर्ज कर मामले में अग्रिम विवेचना के लिए संबंधित थाना को डायरी भेजी जा रही है।

## सड़क हादसे में 50 वर्षीय जितेन्द्र गौतम घायल..

जगप्रेरणा बालाघाट। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेखा बाईपास के पास में सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घायल जितेंद्र पिता बापूराव गौतम उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम देवरी थाना हट्टा है जो मोटरसाइकिल से बालाघाट से अपने घर जा रहे थे तभी सरेखा बाईपास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे गिरकर वह घायल हो गए इसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है। अस्पताल पुलिस चौकी ने घायल का बयान लेकर मामले में अग्रिम विवेचना के लिए संबंधित थाना को डायरी भिजवा दी जा रही है।

## पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

जगप्रेरणा बालाघाट। जिले के रामपायली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम डोंगरगांव से मामला सामने आया है जहां पर पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले के संबंध में अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घायल श्रद्धा पति राहुल गनवीर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरगांव थाना रामपायली निवासी बताया गया है जिसे पति ने पापड़ सुखाने की बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया इसके बाद महिला की बहन ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पुलिस चौकी को तहरीर मिलने पर घायल महिला का बयान लेकर मामले में अग्रिम विवेचना के लिए संबंधित थाना को डायरी भेजी जा रही है।

# स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु पात्रता परीक्षा अनिवार्य, अब 27 अप्रैल से होगी शुरुआत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार इस वर्ष स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत ऐसे विद्यार्थियों को पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य होगा, जो अपनी 12वीं कक्षा के मूल विषय या संकाय से अलग किसी अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं।***

पीजी कालेज के प्राचार्य ने बताया कि यह पात्रता परीक्षा चलित साक्षात्कार (वॉक-इन-इंटरव्यू) के रूप में आयोजित की जाएगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी विद्यार्थी ने 12वीं कक्षा कला संकाय से उत्तीर्ण की है और वह विज्ञान संकाय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे इस परीक्षा में शामिल होकर उत्तीर्ण होना आवश्यक होग यह पात्रता परीक्षा 27 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालयों में आयोजित की जाएगी। बालाघाट जिले में यह परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित होगी।

**परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके आधार पर वे प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। साथ ही विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार प्रदेश के किसी भी अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। स्पष्ट किया गया है कि जो विद्यार्थी अपने 12वीं के मूल संकाय या विषय में ही प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें इस पात्रता परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होगी।**


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# भरवेली बाजार से नियम विरुद्ध संचालित शराब दुकान नहीं हटी तो होगा आंदोलन..

## विधायक अनुभा मुंजारे उप मुख्यमंत्री को सौंप चुकी हैं ज्ञापन

**जगप्रेरणा भरवेली (बालाघाट)।**

***भरवेली बाजार में संचालित शराब दुकान को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस दुकान को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल हटाने की मांग की है।***

चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीमति अनुभा मुंजारे पहले ही राज्य के उप मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंप चुकी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि भरवेली बाजार जैसे घनी आबादी वाले सार्वजनिक क्षेत्र में शराब दुकान का संचालन न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि सामाजिक वातावरण को भी प्रभावित कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक और रहवासी क्षेत्रों में शराब दुकानों के संचालन की अनुमति इस अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करती है। लोगों के अनुसार यह स्थिति प्रशासनिक विरोधाभास को दर्शाती है, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है।

इसी संदर्भ में कांग्रेस सेवादल भरवेली के ब्लॉक अध्यक्ष भीम कुमार वाहने, उनके सहयोगी दिगम्बर सोनवाने और अन्य कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इसके साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी भरवेली को भी ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को हटाने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बाजार चौक जैसे प्रमुख स्थान पर लंबे समय से संचालित यह दुकान नियमों का उल्लंघन कर रही है, क्योंकि मुख्य मार्ग से इसकी दूरी तय मानकों के अनुरूप नहीं है।

ज्ञापनकर्ताओं ने यह भी कहा कि इस शराब दुकान के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। बाजार क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों का आना-जाना अधिक रहता है, ऐसे में नशे में धुत लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार, छींटाकशी और अपशब्दों का प्रयोग आम हो गया है। इससे महिलाओं को विशेष रूप से असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस विषय को पहले भी कई बार प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पुलिस द्वारा चलाया जा रहा नशामुक्ति अभियान सराहनीय है और नागरिक उसका समर्थन करते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर शराब दुकानों के संचालन से इस अभियान की विश्वसनीयता कमजोर पड़ती है।

थाना प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में जनभावनाओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। वहीं ज्ञापनकर्ताओं ने ग्राम पंचायत भरवेली को भी इसी विषय में पत्र सौंपने की बात कही है, ताकि पंचायत स्तर से भी प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।




स्थानीय संगठनों और नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि यह मुद्दा केवल एक दुकान का नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है।

भरवेली बाजार में शराब दुकान को लेकर बढ़ते विरोध ने अब एक व्यापक जनआंदोलन का रूप लेना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में प्रशासन की कार्रवाई इस बात को तय करेगी कि यह मामला शांतिपूर्ण समाधान की ओर बढ़ता है या फिर आंदोलन की राह पकड़ता है।

# मलाजखंड में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों का निरीक्षण, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी तेज..





**जगप्रेरणा मलाजखंड।**

***नगर पालिका परिषद मलाजखंड में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बाघमारे द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों का सघन निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया।***

निरीक्षण के दौरान कचरा संग्रहण वाहनों की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई की स्थिति, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण (सेग्रीगेशन) तथा निर्धारित रूट पर नियमित संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई।

अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में समयबद्ध तरीके से घर-घर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सेवाएं मिल सकें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहरों का मूल्यांकन घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण और समग्र स्वच्छता प्रबंधन के आधार पर किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कुछ वाहनों में सुधार की आवश्यकता भी सामने आई, जिस पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी सफाई कर्मचारियों को जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

सीएमओ श्री दिनेश बाघमारे ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों और नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है। नगर पालिका द्वारा निरंतर निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

# जिला जेल बालाघाट में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार जिला जेल बालाघाट में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक***






साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के मुख्य आतिथ्य में 25 अप्रैल 2026 को किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्राणेष कुमार प्राण ने कहा कि शिविर के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने बंदियों को नियमित व्यायाम करने और मानसिक तनाव से दूर रहने की सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने बंदियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सतीश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जितेंद्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक श्री रामलाल सहलाम सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। शिविर के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, अधिवक्ता योजना, जेल लोक अदालत, लीगल एड क्लीनिक तथा अपील के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञों की टीम द्वारा 160 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 6 डिफेंस काउंसिल्स की ड्यूटी लगाई गई, जिन्होंने 2 बंदियों को विधिक सहायता एवं 184 बंदियों को विधिक सलाह प्रदान की।

चिकित्सा शिविर में हड्डी रोग, नेत्र, दंत एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों सहित अन्य चिकित्सकों ने बंदियों की जांच की। साथ ही ब्लड प्रेशर, रक्त जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस पहल से बंदियों को स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता दोनों क्षेत्रों में लाभ मिला।

# दुर्गम वन क्षेत्रों में 11 के.वी. केबल लाइन बिछाने का कार्य तेज, बिजली संकट से मिलेगी राहत..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के सुदूर और दुर्गम वन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बड़े स्तर पर 11 के.वी. केबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।***

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की पहल पर अधीक्षण अभियंता अमित कुमार के निर्देशन में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर और बालाघाट संभाग के अंतर्गत आने वाले 14 प्रमुख वन क्षेत्रों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को बदलकर नई केबल लाइन डाली जा रही है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 2.65 करोड़ रुपये बताई गई है। विभाग का मुख्य उद्देश्य इन दुर्गम क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जहां वर्तमान में लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है।

इस योजना के तहत बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, उकवा सहित बालाघाट के ग्रामीण अंचलों में कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने से गंजेसर्रा, मंडवा, डोंगरिया, पीतकोना, चौरिया, जैतपुरी, दड़ेकसा, चीतालखोली, धुनधुनवार्धा, कसंगी, कुआगोंदी, माटे, पालागोंदी, कसई टोला, सर्रा, दुगलई, भूतना, नलेझरी, नरपी, मलकुआ, बरगुड़, नंदौरा, बोदलझोला, पंचेरा, खारा, कोकमा और पोलबतुर जैसे वन क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

इन क्षेत्रों में पहले खुली तारों वाली लाइनें थीं, जिन्हें अब सुरक्षित केबल लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है। इससे न केवल वोल्टेज में सुधार होगा, बल्कि जंगली क्षेत्रों में तार टूटने से होने वाले हादसों और बिजली चोरी की घटनाओं पर भी नियंत्रण लगेगा।



विद्युत विभाग द्वारा वर्ष 2025 की शुरुआत में इस कार्य को प्रारंभ किया गया था। बैहर संभाग के अंतर्गत बिरसा और परसवाड़ा क्षेत्रों में अधिकांश केबलिंग कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि बालाघाट संभाग के किरनापुर और लांजी क्षेत्रों में कार्य अंतिम चरण में है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों और किसानों को लो-वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

# करु तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ, 'जीरो से सौ तक' विकास का लक्ष्य

**जगप्रेरणा मलाजखंड।**

***मध्यप्रदेश शासन के जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा वार्ड क्रमांक 01 स्थित करु (सड़क) तालाब के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास कार्य का शुभारंभ 24 अप्रैल 2026 को किया गया।***

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी सहित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर तालाब के ÷जीरो से सौ तक÷ समग्र विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत तालाब के तटबंध (बंड) का सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा के लिए फेंसिंग, एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए तालाब परिसर में पाथवे (पैदल मार्ग) का निर्माण भी किया जाएगा।

जल संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए तालाब में पिचिंग कार्य कराया जाएगा, जिससे वर्षा जल का बेहतर संचयन हो सके और भविष्य में जल संकट की स्थिति से निपटने में मदद मिले। इस पूरे कार्य को एक माह की समय-सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ठेकेदारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में सभापति श्री सूबेदार सिंह कुछवाहा, मधु सेंदरे, नोडल अधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी ने कहा कि तालाब हमारे जीवन और पर्यावरण का आधार हैं। जल संरक्षण केवल शासन का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने सभी से जल स्त्रोतों की सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि मलाजखंड को स्वच्छ, सुंदर और जल-संपन्न नगर बनाया जा सके।

# जिले में अब तक 303 किसानों से 5615 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी..

## किसान 09 मई तक ब्लाक बुकिंग करा सकते हैं..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है।

इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 25 अप्रैल तक जिले के 303 किसानों से 5615 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 09 मई 2026 कर दी गई है। अब तक जिले के 1459 किसानों ने गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। निर्धारित तिथि के पश्चात स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया संभव नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, सरसों खरीदी और जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की..



## गेहूं विक्रय के लिए स्लाट बुकिंग की तिथि 09 मई तक बढ़ी

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने 25 अप्रैल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना एवं सरसों खरीदी तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक शर्मा, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बैठक में कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं चना सरसों खरीदी में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी केंद्र पर हम्माल, छाया, पेयजल की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। चना, सरसों की खरीदी मंडी के शेड में की जाए। किसानों को समय पर भुगतान किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए किसानों के स्लाट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 09 मई कर दी गई है। किसान 09 मई तक गेहूं विक्रय के लिए स्लाट बुकिंग करा सकते हैं। गेहूं खरीदी केन्द्रों की तौल क्षमता बढ़ा दी गई है।

खरीदी केंद्र की प्रतिदिन की 1050 क्विंटल तौल क्षमता को बढ़ाकर 2200 क्विंटल प्रतिदिन कर दिया गया है। इसके लिए प्रत्येक खरीदी केंद्र पर तौल कांटे की संख्या 04 से बढ़कर 06 कर दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करने और इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित करने कहा। बैठक में बताया गया कि इस अभियान में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर चल रहा है। बालाघाट जिला इस अभियान में प्रदेश के प्रथम 05 जिलों में शामिल हैं।






जग प्रेरणा
# वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

## कु. अक्षरा घोड़ेश्वार का 26 अप्रैल को परम् पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती समारोह नांदी में होगा सम्मान

### एड डॉ संजय खोबरागड़े की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि दामोदर यादव इंजी सतेंद्र विद्रोही व एड सुरेन्द्र बारमाटे होगे विशिष्ट अतिथि

### परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर होगा विशाल प्रतिमा का अनावरण उपरांत फैजान ताज की होगी कव्वाली

जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***तहसील मुख्यालय कटंगी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन)***

,कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट,) प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी), एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे (प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश ),विशेष अतिथि अमित बसोड़ (प्रदेश महासचिव ए एस पी), वीरेंद्र शिंदे (प्रदेश महासचिव भीम आर्मी,) रितेश बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट),निलेश बौद्ध (जिला अध्यक्ष ए एस पी बालाघाट ), संजय पाटिल (ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर ),सौरभ लोधी (प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा ),कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी ),संजय शेंडे (अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी ) विशिष्ट अतिथि -दलित मेश्राम अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, प्रदीप ऊके सचिव तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी ,महेंद्र हिरक़ने अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ कटंगी, प्रियंका परते जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश ऊके जिला पंचायत सदस्य, विकास खांडेकर अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट ,जगदीश रावत तहसील अध्यक्ष समता सैनिक दल तिरोड़ी, रामचंद्र जी मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध संघ सर्कल नांदी ,माननीय आचार्य चितरंजन वासनिक सदस्य ऑल इंडिया समता सैनिक दल,, डॉ आशीष बोरकर सामाजिक चिंतक,भोजराज वासनिक (अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार समिति नांदी), धनेश्वर मेश्राम (दुर्ग छत्तीसगढ़,) हंसराज रावतकर( सुंदर,) गजेंद्र ऊके सचिव बालाघाट जिला बुद्ध संघ सर्कल शाखा नांदी, भगवान दास खोबरागड़े परसवाड़ा घाट, विनोद पंच भाई सदस्य जनपद पंचायत कटंगी ,धर्मेंद्र बोमबर्डे सामाजिक चिंतक ,आनंद ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, रितेश ऊके सामाजिक चिंतक, दुर्गेश वासनिक सामाजिक कार्यकर्ता ,मुकेश ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, लखन मेश्राम पत्रकार सम्माननीय अतिथिगण - शैलेंद्र चौकसे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, चैनलाल तुरकर सरपंच ग्राम पंचायत नांदी ,रहीम खान उप सरपंच ग्राम पंचायत नांदी ,भूपेंद्र चौकसे पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कटंगी , महेश अग्रवाल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, श्रीमती सर्वेसती विशेष बिसेन सरपंच ग्राम पंचायत सुंदर ,श्रीमती चंद्रकला राजेंद्र टांडेकर सरपंच ग्राम पंचायत परसवाड़ा घाट, दिलीप पटेल समाजसेवी, श्रीमती उर्मिला ,अशोक पटेल सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव की उपस्थिति में होगा संपन्न ! आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने जारी बयान में बताया कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्पूर्ण म प्र में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा का सम्मान किया जायेगा की अम्बेडकरी आंदोलन के योद्धा एड चंद्रशेखर आजाद सांसद के प्रमुख सहयोगी ओबीसी नेता दामोदर यादव का बालाघाट की सरजमी नांदी में प्रथम मर्तबा आगमन हो रहा है संतोष वासनिक ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी की कार्यक्रम में प्रात 3 बजे भव्य रैली 5बजे परम् पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण 7बजे मंचीय उद्बोधन रात्रि 10 बजे राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज की होगी कव्वाली आयोजक समिति - संतोष वासनिक अध्यक्ष, प्रशिक ऊके, शैलेश के वासनिक उपाध्यक्ष, विनोद मासुल्कर सचिव ,सुधीर रामटेक ,साहिल वासनिक सहसचिव, संजय भीमटे कोषाध्यक्ष ,आकाश ऊके सह कोषाध्यक्ष ,जितेंद्र मेश्राम सलाहकार सुरेंद्र बोमबर्दे संरक्षक, आयोजन समिति के सचिव विनोद मासूलकर ने जारी बयान मे बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल, कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ



संजय खोबरागड़े एवं कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही एड सुरेन्द्र बारमाटे सहित अन्य अतिथि गण परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर 6 फिट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे समिति के द्वारा कार्यक्रम में शरीक बौद्ध उपासक उपासिकाओं को भोजन दान प्रदान किया जाएगा कार्यक्रम के रमा महिला मंडल के अध्यक्ष मनोरमा चौहान एवं सचिव दुर्गा वासनिक, सोनम वासनिक ने समस्त बौद्ध अनुनियो से आहवान किया है कि स्वेत वस्त्र में अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मध्य प्रदेश सरकार का केबिनेट निर्णय मतभेद पूर्णः बाविसताले






जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं शिक्षक संघ पेंशन प्रकोष्ठ बालाघाट के संरक्षक श्री शिवाजी बाविसताले ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट में लिये गये शासकीय कर्मचारी से उनके मूल वेतन से एक पर्सेंट (1त्र) प्रीमियम काट***

कर उन्हें 20 लाख तक का कैशलेस इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले निर्णय को स्वागत योग बताया हैं किंतु वही पेंशनधारकों को इसी सुविधा के लिए उनकी पेंशन से चार परसेंट (4त्र) की मासिक प्रीमियम काटे जाने का पुरजोर विरोध करते हुए, सरकार को अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने एवं उनसे भी एक पर्सेंट ही समान मासिक प्रीमियम लेकर ही 20 लाख तक का समान कैसे इलाज दिए जाने हेतु अपने निर्णय में संशोधन किए जाने की निवेदन पूर्ण मांग की गई है ताकि पेंशन धारकों के साथ उचित न्याय हो सके क्योंकि वृद्धावस्था में पेंशन भोगियों से कैशलेस इलाज के नाम पर उनकी पेंशन से चार प्रतिशत मासिक रूप से वसूल कर लेना यानी वृद्धावस्था में उनके सिर पर लाठी पटकने जैसा है जो उनकी सहनशक्ति की सीमा से बाहर होगा।

बाविसतालेजी ने आगे कहा की सरकार अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर संशोधन नहीं करती है तो प्रदेश भर के समस्त पेंशन धारकों के साथ मिलकर इस विषय पर सरकार के विरोध में बड़े आंदोलन, की रणनीति बनाई जाएगी एवं प्रदेश भर के सारे वरिष्ठजन अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार की होगी।

## जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, वारासिवनी में स्व-गणना कैंप व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण आयोजित






जगप्रेरणा वारासिवनी।

***जनगणना-2027 के अंतर्गत बालाघाट जिले में तैयारियों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में 25 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा स्व-गणना के संबंध में विशेष कैंप का आयोजन किया गया,***

जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्व-गणना कराई गई। इसके साथ ही जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को फील्ड स्तर पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। चार्ज बालाघाट के अंतर्गत ग्राम नैतरा एवं ग्राम लिंगा में फील्ड विजिट कर प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वहीं चार्ज कटंगी के अंतर्गत ग्राम पथरवाड़ा में भी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को फील्ड विजिट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन और सटीक जानकारी दर्ज करने के तरीकों की जानकारी दी गई।

प्रशासन द्वारा जनगणना-2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सतत प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और सटीक आंकड़े प्राप्त किए जा सकें। आम नागरिकों को 30 अप्रैल तक अपने एंड्रॉयड मोबाइल या इंटरनेट पर वेबपोर्टल के माध्यम से स्व-गणना करने कहा जा रहा है।

## सिकंद्रा में चंदन नदी किनारे श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड वारासिवनी के ग्राम सिकंद्रा में चंदन नदी किनारे श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।***

कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन एवं परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आयोजित किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों ने स्वैच्छिक श्रमदान कर नदी किनारे से प्लास्टिक कचरा, पन्नी और गाद निकालकर साफ-सफाई की। इस दौरान सामूहिक सहभागिता और स्वावलंबन के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

श्रमदान के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को पानी की एक-एक बूंद बचाने की शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी में विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि अभी से जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो भविष्य गंभीर संकट में पड़ सकता है। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी से जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता शिवदयाल बोपचे ने वर्षा जल संचयन, बोरी बंधान और सोख्ता गड्ढों जैसे छोटे-छोटे उपायों के माध्यम से जल संवर्धन पर जोर दिया। वहीं सरपंच कन्हैया लाल खैरवार ने सभी से आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पानी बचाने का संकल्प लेने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सीएम इंटर्न शुभम साहरे, परामर्शदाता लाकेश पारधी, सचिव नामदेव राऊत, थानेन्द्र नागपुरे, मिथिलेश बुरड़े (संस्कार सेवा समिति), यशवंत भंवरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नर्मदा परिक्रमा पर चर्चा करने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अखलेश जैन पहुंचे बैहर..



### मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख कर 1 मई से 14 मई तक सुरक्षा की मांग की

जगप्रेरणा बैहर।

***अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के नेतृत्व में 1 मई 2026 अमरकंटक से अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के सानिध्य में प्रारंभ होने जा रहे मां नर्मदा परिक्रमा की सफलता***

के लिए चर्चा करने पहुंचे छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अखलेश जैन का बैहर कार्यालय में वस्त्र और श्रीफल देकर स्वागत किया गया। परिक्रमा की सफलता के लिए श्री जैन ने कहा कि जो भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी तो छत्तीसगढ़ की तरफ से हम संगठन को सहयोग करेगें। हम भी परिक्रमा में शामिल होकर मां नर्मदा जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं गुजरात के यशस्वी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर परिक्रमा सड़क मार्ग से परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा की व्यवस्था करने का निवेदन किया गया है। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा है कि परिक्रमा के दौरान सड़क पर मांस मंदिरा का सेवन करके उपद्रवियों द्वारा शान्ति भंग करने की कोशिश ना की जाए इस पर भी प्रशासन की नजर रहनी चाहिए। जिससे अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के साधु - सन्तों को परिक्रमा में कोई बाधा उत्पन्न ना हो।

## जल संकट से निपटने जनभागीदारी का आह्वान, चिकमारा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत बैठक आयोजित..




जगप्रेरणा बालाघाट।

जल संकट की बढ़ती चुनौती से निपटने और जल प्रबंधन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत विकासखंड कटंगी के ग्राम चिकमारा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के मार्गदर्शन तथा विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान आगामी दिनों में वृहद स्तर पर 'जल चौपाल' आयोजित कर जन-जागरूकता बढ़ाने तथा जल स्रोतों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की गई।

साथ ही जल संरक्षण को मजबूत करने के लिए सोख्ता गड्ढों के निर्माण, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं नई जल संरचनाओं के सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि जल संकट का स्थायी समाधान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ÷जल ही जीवन है÷ का संदेश देते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया।

### अभियान के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा

बैठक में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन, तालाब-कुएं जैसे जल संरचनाओं के निर्माण एवं पुनर्स्थापन, जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा भूजल स्तर बढ़ाने के उपायों पर विशेष फोकस किया गया। साथ ही जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को अभियान की सफलता का आधार बताया गया।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती अनीता मदनलाल गेडाम, नवांकुर संस्था अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र खरे, सचिव परसराम नागेश्वर, पंचायत सचिव कृष्णकुमार तरवरे, पंच गुरुदयाल नागपुरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

# विकासखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान..









जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी परिसर में विकासखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाँजी के द्वारा गरिमामय वातावरण में 25 अप्रैल को आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में शिक्षा, परिश्रम और सफलता का उत्सव देखने को मिला, जहां विकासखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद, दिनेश लाड़े तथा कैलाश गोस्वामी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.के. भीमटे के द्वारा विकासखंड लाँजी के बोर्ड परीक्षा परिणामों से अवगत करवाया गया द्य इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें वे विद्यार्थी शामिल रहे जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं में उच्च अंक अर्जित कर विकासखंड, जिले तथा प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी पूरे क्षेत्र की प्रेरणा हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट परिणाम देकर यह सिद्ध कर रहे हैं कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफलता निश्चित है।

कार्यक्रम में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, पालकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे समारोह के दौरान उत्साह, सम्मान और गौरव का वातावरण बना रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों के मनोबल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित हुआ।

## इन छात्र छात्राओं का हुआ सम्मान..

वैसे ही10 एवं 12 वी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी से पल्लवी गजानंद मेश्राम ने 97 प्रतिशत,12वी में अनीशा बसंत पांडे 91.6 प्रतिशत, पी एम श्री कन्या लांजी से निधि लक्ष्मण ढोक ने 97.2 प्रतिशत, 12 वी संध्या डेलचंद घोरमारे 92.4 प्रतिशत, पीएम श्री कुम्हारीकला से साधना गजेंद्र नखाते ने 90.6 प्रतिशत, 12 वी प्रशांत विकेश मढ़ामें 89 प्रतिशत, पीएम श्री भानेगांव से हिमांशी गगन शेंडे ने 92.6 प्रतिशत,12 वी डाली संजय बांगरे 91.6 प्रतिशत, संदीपनी विद्यालय बोलेगांव से अनुष्का विजय कटरे ने 97.2 प्रतिशत, योगिता विजय दमाहे ने 97.2 प्रतिशत, 12 वीमें प्रीति रेखलाल कावरे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमनी से प्रतिज्ञा चोरनेले 94.40 प्रतिशत, 12वी में कसक भूजलसिह सोलंकी 92.20 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर विद्यालय मोहझरी गरिमा राजेश पटले 96.8 प्रतिशत, बारहवीं में प्रेमानंद गरीबदास जोशी 84.8 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव माधवी दिलीप बिसेन 95 प्रतिशत, बारहवीं में सोहा नितिन धनोले 79.4 प्रतिशत, शासकीय शाला साडरा खुशी सुरेन्द्र पटले ने 94.2 प्रतिशत, बारहवीं में अदिति राजेंद्र रणदीवे 85.6 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर विद्यालय घोटी भूपेंद्र दिनेश गजबे 95.40 प्रतिशत, बारहवीं में सुहानी राजन नागफसे 84.6 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा अंजली पूरण बसेना 97 प्रतिशत, बारहवीं गुलशन मनोहर कोल्हे 89.6 प्रतिशत, बहेला से महिमा रवींद्र वाल्दे 94.6 प्रतिशत, बारहवीं से तुषार टेकराम नगपुरे 93.6 प्रतिशत, मनेरी से जागृति तीर्थदास लिल्हारे 98.6 प्रतिशत, बारहवीं रितिका अनिल मस्करे 89 प्रतिशत, बेलगांव आयुष कमलेश श्रीवास 85.6 प्रतिशत, शासकीय स्कूल नेवरवाही ज्योति सुखदास सिंघनदुबे 97.4 प्रतिशत, शासकीय कन्या शाला लांजी से ज्योति चोरवाडे 95.4 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिसोनी अश्विन अभिमन्यु ढोक 96.6 प्रतिशत, शासकीय हाई स्कूल सुनारककोडी हरमहीनी कावरे 94.4 प्रतिशत, शासकीय हाई स्कूल देवलगांव से दिशा अरुण टेंभरे ने 90.6 प्रतिशत, शैलानी फूलचंद बोपचे 90.6 प्रतिशत, शासकीय हाई स्कूल कुल्पा से आरुषि ईश्वरदास नगपुरे 96.4 प्रतिशत शासकीय हाई स्कूल घंसा रीति दुरुगलाल दमाहे 96.4 प्रतिशत, शासकीय हाई स्कूल रिसेवाडा रौनक गुणीराम बागड़े 98.6 प्रतिशत, शासकीय हाई स्कूल सावरीखुर्द सारांश मन्नालाल मेश्राम 95.6 प्रतिशत, शासकीय हाई कालीमाटी शिवानी धनराज बोपचे 93.4 प्रतिशत। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट विद्यालय के प्र. प्रचार्य डी. के. फुल्लारे के द्वारा उपस्थित समस्त का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

# मोटे अनाजो की उपयोगिता समझाते हुए पोषण किट का किया वितरण..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***महिला एवं बाल विकास विभाग किरनापुर द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन शासन से मिले निर्देशानुसार परियोजना अधिकारी***

अमृता कुजूर के मार्गदर्शन में केन्द्र क्रमांक 3 किरनापुर मे पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे ग्राम की सरपंच धर्मकला जी एवं पंच जयमाला रहेकवर एवं लक्ष्मी कांता चौरीवार उपस्थित हुई। उनके द्वारा आगे के कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। उसी क्रम मे दादी, नानी संवाद कार्यक्रम करवाया गया। जिसमे बुजुर्ग महिलाओं द्वारा संवाद किया गया।

उन्होंने पुरानी खान पान की अच्छी आदतों की सराहना करते हुए वर्तमान समय की पोषण संबंधी आवश्यकताओं और नवीन आहार पद्धतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि किस प्रकार पारंपरिक और मोटे और संतुलित आहार के माध्यम से नई पीढ़ी को कुपोषण से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर हितग्राही के बच्चों को पोषण किट की वितरण किया गया। जिसमे ओजस शुभांगिनी वासनिक, आराध्या माहेश्वरी रहेकवार इनके बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अलका रामटेके, सेक्टर पर्यवेक्षक मंजू बिसेन द्वारा बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई। एवं सभी हितग्राही माताओं को मोटे अनाजो के उपयोग के बारे मे बतलाया गया। इस अवसर पर महिलाए उपस्थित रहीं जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना सहयोग प्रदान किया।

# लंबित मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय से भेजा जेल





जगप्रेरणा लांजी।

***पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला के आदेश पर***

लंबित आपराधिक प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में गठित इस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल को फरियादिया द्वारा आरोपी अतुल बिसेन के विरुद्ध थाना लांजी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 126/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं 74, 78(1), 79, 331(6), 296(2), 115(2) एवं 351(3) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला दर्ज होते ही आरोपी अतुल बिसेन निवासी ग्राम परसवाड़ा थाना नवेगांव (ग्रामीण) फरार हो गया और जिले से बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम ने तकनीकी साधनों एवं सूझबूझ का उपयोग करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## इनकी रही विशेष भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लांजी उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार, उपनिरीक्षक विधि पांडेय, मोहसीन, आशुतोष सिंह, चेतन सोनी, सुजीत पाल, पवन धाकड़ एवं प्रीति प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विश्व मलेरिया दिवस.. सिविल अस्पताल में दिए जागरूकता के टिप्स..





जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल लांजी में 25 अप्रैल को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में किया गया,***

जिसमें स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परेश उपलप, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराडे के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। एमटीएस श्याम लाल डोहरे द्वारा मलेरिया के कारण, मच्छरों के लार्वा पनपने के स्थान एवं उन्हें नष्ट करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मच्छरदानी के उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों तक जागरूकता फैलाने के लिए पंपलेट वितरण के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से भी जानकारी प्रसारित किए जाने की बात कही गई।

उमंग काउंसलर शिव हरिनखेड़े ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उमंग स्वास्थ्य केंद्र लांजी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने किशोरों एवं महिलाओं को पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं गर्भवती महिलाओं को मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, टीकाकरण एवं पोषण आहार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, जच्चा-बच्चा की देखभाल एवं स्वच्छ पानी के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ताओं एवं स्टाफद्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण, जांच एवं एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। पीएमडब्ल्यू श्री आरिफहुसैन ने कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तार से व्याख्या करते हुए इसके बचाव एवं उपचार पर प्रकाश डाला। स्टाफनर्स राजेश्वरी नारनौरे द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को मलेरिया, एचआईवी सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई। इस प्रकार कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..

मो. 9329033433

# पीएम श्री में 48 छात्राओं के साइकिल पाकर खिले चेहरे, शिक्षा की राह होगी आसान..



जगप्रेरणा लांजी।

***शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ने आने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को पीएम श्री शासकीय उच्चतर***

माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारीकला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे तथा पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष तेजराम राजनिरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम ने की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे।

## 48 छात्राओं को सौंपी गई साइकिलें..

मुख्य अतिथि दुलीचंद राजनीरे के कर-कमलों से विद्यालय की 48 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफझलक रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलीचंद राजनीरे ने संबोधन में कहा साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को आवागमन की सुविधा प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए। बेटियाँ पढ़ेंगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा पीएम श्री विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

## साइकिल से बढ़ेगी नियमित उपस्थिति..

साइकिल मिलने से अब छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए लंबा पैदल सफर तय नहीं करना पड़ेगा। इससे उनका समय बचेगा और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर सहेकी में लगा शिविर..

## 46 किसानों के पशुओं का हुआ उपचार..






जगप्रेरणा लांजी।

**विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला बालाघाट के निर्देशन में विकासखंड लांजी के ग्राम सहेकी में 25 अप्रैल 2026 को**

वृहद निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उपसंचालक डॉ. आर.एस. नागपुरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर का संचालन प्रभारी विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शानू देवी सिंगोर के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एम.के. आसटकर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सहेकी की सरपंच भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर में कुल 46 पशुपालकों के 258 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें 92 गौवंश, 8 भैंसवंश एवं 158 बकरियों को टीकाकरण, बांझपन उपचार, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण तथा कृमिनाशक दवाओं का वितरण सहित विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लाभ उठाया। कार्यक्रम में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी अशोक नारनौरे, सौरभ उईके, कृषि विस्तार अधिकारी कुलविन कुमरे, पशु परिचारक युवराज सोनवाने, शुभम पारधी, गौ-सेवक कीर्ति सिंह बैंस, मैत्री गौसेवक मनीष मेश्राम, भूमेश्वर ठाकरे, मैत्री प्रशिक्षु नंदकिशोर पटले एवं नेहरू लिल्हारे सहित विभागीय अमले का सराहनीय योगदान रहा।अंत में विभाग द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालक कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

SONO VIEW

SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN | MRI CENTER

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.

DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## 'लोक तंत्र में अपनी अपनी जिम्मेदारी'..

लोकतंत्र के बारे में कहा गया है÷जहां जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए शासन या कार्य होता है वहां लोकतंत्र होता है।कुछ ज्यादा पढ़े लिखे लोग इसे मूर्खों का शासन भी कहते हैं।कुछ जरूरत से ज्यादा पढ़े लिखे लोग जिन्हें हम विशेष श्रेणी के बुद्धि जीवी कहते हैं, ये लोग इस लोक तंत्र को भीड़ तंत्र भी कहने में गर्व का अनुभव करते हैं।कई इसे प्रजा का तंत्र भी अर्थात जनता का शासन भी कहते हुए अपने अपने हिसाब से ,अपने दृष्टि कोण से अपने नजरिए से, परिभाषित करने की या कहने की जिम्मेदारी निभाते हैं।इन सभी प्रकार के लोगों की परिभाषा अपने अपने मतानुसार पृथक पृथक है

इन्हीं अलग अलग ढंग की परिभाषाओं, विचारों, विचार धारणाओं, के कारण लोकतंत्र के प्रति समझदारी, जिम्मेदारी भी अलग अलग दिखाई देती है। जो लोकतंत्र को कभी मजबूत तो कभी कमज़ोर भी कर देती है।

कुछ लोग सोचते हैं जनता का शासन है, जनता के लिए शासन है और जनता द्वारा स्थापित लोगों का ही शासन है तो अपने को क्या करना है? अपना क्या ?जनता जाने जनता ही इस लोक तंत्र की रक्षक है। वही लोकतंत्र का हिसाब किताब रखे।ये लोग इस बात को बिल्कुल भूल जाते हैं कि जनता में वे भी सम्मिलित हैं।अपने आप को अलग न समझें , विशेष न समझें।तब एक फिल्मी गीत याद आता है ÷ये पब्लिक है,ये सब जानती है ये पब्लिक है।अजी अंदर क्या है , बाहर क्या है सब कुछ ये पहचानती है।ये पब्लिक है।÷ तो भाई मेरे इन लोगों से सावधान अवश्य रहना जो अपने आप को जनता में सम्मिलित नहीं मानते हैं।इसके बाद वे लोग आते हैं जो इस प्यारे से लोकतंत्र को भीड़ तंत्र मानते हैं और कहते हैं ÷भीड़ से हमको अलग रहना है, भीड़ भड़क्के से बचना है।भीड़ में जायेंगे तो पकड़े जाएंगे।हमको तो काकाजी विज्ञप्ति वीर बनकर भीड़ से दूर ही रहना है।तो इन भतीजों को यह बात अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि भीड़ में ही भिड़ंत होती है।और भिड़ंत से ही राजनीति संत होती है।इस लिए इस भीड़ तंत्र से बच कर नहीं मिलकर चलो मेरे भाई।जो लोग भीड़ से बचने के चक्कर में पड़े वे आजकल सड़े गले आलू ,टमाटर या प्याज की तरह बाजार से बाहर ही पड़े रहते हैं।या साल छः महीने में कुंभ करण की तरह चुनाव बुनाव के समय जाग जाते हैं।चुनाव निपटा कर भाग जाते हैं।कुछ जरूरत से ज्यादा पढ़े लिखे लोग जो इस सदाबहार लोकतंत्र को मूर्खों का शासन समझते हैं और अपने आप को होशियार चंद समझते हैं उन लोगों की सच्चाई तो आयकर , विक्रयकर, ईडी, सी बी, आई .या लोकायुक्त की भारी भरकम टीम ही बताती है कि कौन मूर्ख है कौन होशियार? तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा कहकर सारी अवैध उगाही या कमाई ये लोकतंत्र को वापस भी करने में शर्माते नहीं हैं।सब कुछ उगल देते हैं।

इन सभी लोगों की इन्हीं हरकतों के कारण अपना लोकतंत्र कई रूपों में बंट जाता है।कई टुकड़ों में बंट जाता है।इस कठिन स्थिति में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उंगलियों में गिने जाते हैं जिनका कार्य ही भलाई करना है।बेचारे भलाई करते करते इतने थक जाते हैं कि वरिष्ठता की चोटी पर पहुंचकर लोकतंत्र के मार्ग से ही हटा दिए जाते हैं।स्वार्थ, सत्ता, कूटनीति, जातिवाद, परिवार वाद, पूंजी वाद ,आतंकवाद, और धन जोड़ो अभियान के चक्कर में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनका कार्य सिर्फऔर सिर्फलोकतंत्र को कोसना या बुरा कहना ही होता है।ये धुरंधर प्रकार के लोग होते हैं जिनकी जिम्मेदारी लोकतंत्र की बुराई करना ही मुख्य होती है।लोक तंत्र में भले ही उनका जीवन स्तर सुधर गया हो, वेतन भत्ता सब कुछ बढ़ गया हो, पक्का मकान बन गया हो, पक्की दुकान मिल गई हो, ग्राम ग्राम और नगर नगर पक्के लंबे चौड़े पुल, पक्की सड़कें, घर घर शौचालय, गांव गांव विद्यालय, और यहां तक कि गांव गांव शासकीय ठेकों के मदिरालय उपलब्ध हो किंतु ऐसे कुछ लोग भी होते हैं जिन्हें लोकतंत्र का यह विकास दिखाई नहीं देता, सौर ऊर्जा का प्रकाश दिखाई नहीं देता।इन लोगों को एक ही जिम्मेदारी निभाना है। लोकतंत्र कितना भी अच्छा ही उसकी बुराई ही गाना है। इन लोगों से जब हम लोकतंत्र की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहते हैं मेट्रो ट्रेन आ गई, सुपर फास्ट बस आ गई, चांद पर प्लाटिंग होने वाली है, स्मार्ट फोन से जिंदगी बदलने वाली है।तो ये लोग मुंह लटका कर कहेंगे इराक ईरान के युद्ध से सबकी हालत पतली होने वाली है।हम कहते हैं कोरोना बीमारी और महा मारी से तो बच गया लोकतंत्र ? अब तो स्वास्थ्य बीमा और फसल बीमा भी हो रहा है। फिर तू क्यों रो रहा है? किसान मजदूर और जवान के चेहरे की खुशी देखो। तो ये लोग कहते हैं ज्यादा मत फेंको।यानी इस लोकतंत्र में आज भी काफी बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जिन्हें करना है तो सिर्फ बुराई निभाना है तो आलोचना की जिम्मेदारी, दिखाना है तो सिर्फ नकारात्मक दृश्य, ऐसे वातावरण में थोड़ी भी आनंद की मुस्कुराहट के साथ आध्यात्मिकता या नैतिकता या मानवता की बात जनता करती है तो ये कुछ ज्यादा पढ़े लिखे, जरूरत से ज्यादा पढ़े लिखे, चतुर सयाने, नए पुराने जाने पहचाने लोकतंत्र को अपने हिसाब से चलाने वाले लोग कभी फुफकारते हैं तो कभी डंक मार जाते हैं।जिन्हें मूर्ख लोग कहते हैं कि बेचारे अपने अपने हिसाब से जिम्मेदारी निभाते हैं।। जय सिया राम जी की।।

**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'**

## विश्व पुस्तक दिवस?..

इस मोबाइल युग में जबसे आदमी के हाथों में मोबाइल पहुंचा है पुस्तकों का चलन बहुत कम हो गया है, पठन, पाठन तो लगता है जैसे बंद सा हो गया है। पुस्तकें शालेय जीवन में जो पढ़ ली सो पढ़ ली। जहाँ वाचनालय खुले हुए हैं वहां भी पुस्तकें आलमारी की शोभा बढ़ा रही हैं। इक्के- दुक्के लोग ही वाचनालय का उपयोग कर पा रहें हैं, वरना, वाचनालय भी आज बच्चों के लिए विद्यालयीन स्टडी सर्कल जैसे हो गये हैं। एक वो दिन भी थे जब रेलवे अथवा बस स्टेशनों पर बुक स्टाल हुआ करते थे जहाँ देश विदेश के अनेकों लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध हो जाया करती थीं, दो तीन मिनट के ट्रेन स्टापेज में पुस्तक पढ़ने का शौकीन यात्री अपने डिब्बे से उतरकर मनपसंद पुस्तक खरीदता एवं उसे पढ़ते अपनी यात्रा तय करता था। प्रायः हर घरों में पुस्तकें पढ़ने के शौकीन हुआ करते थे। आज तो स्थिति यह है कि घरों में लोग अखबार तक नहीं खरीदते। समाचार मोबाइल अथवा टी वी दिखा देते हैं।

पहले पुस्तकें पढ़कर लोग व्यवहारिक, सांसारिक ज्ञान प्राप्त करते थे,अब मोबाइल देख कर मनोरंजन करते अथवा फेसबुक, वाट्सएप, यू ट्यूब आदि पर नंगापन देखते हैं। बड़े तो बड़े नन्हें बच्चों के हाथों में भी मोबाइल उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते दिखाई दे रहा है।

बच्चों के लिए निकलने वाली कहानियों, कार्टून,स्वस्थ चुटकुलों आदि की पुस्तकें आज नदारद हो गई है। अध्यात्म कुछ बुजुर्गों तक सिमट गया है। या मात्र प्रवचनों तक सीमित रह गया है। ज्ञान, विज्ञान की बातें अब किसे भाती हैं। साहित्य अब हितकारी कहाँ मिल पाता है?

कुल मिलाकर विश्व पुस्तक दिवस की शुभकामनाएँ वाट्सएप के माध्यम से देखकर ऐसा लगने लगा है जैसे किसी ने किसी पुस्तक की समाधि पर एक फूल धर दिया हो।` शांति

**शशि तिवारी**

## मंहगाई सर उठाए खड़ी है

मंहगाई सर
उठाए खड़ी है,
अर्थव्यवस्था
गिरी पड़ी है।
पुरे देश का
चैनोअमन खाकर,
अब खा रहे साहब
झालमुडी है।



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**


यदि आप दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करे..


## 'तेरी कृपा से!'

'तेरी कृपा से!'
क्षितिज के
इस ओर हो,
या क्षितिज
के उस ओर।
तेरी कृपा से आ रही,
प्रभु मधुरिम भोर।
मैं जो भी
कर रहा प्रभु,
उसके तुमही हो
करतार।
मैंने अब पहन रखा,
तेरे नाम का हार।
यदि भटकता मैं प्रभु,
तुम खींचो मेरी डोर।
तेरी कृपा से आ रही,
प्रभु मधुरिम भोर।
देखता जब
भी अवनि पर,
मिलता मुझे आकाश।
इतना सब
संभव होता,
तुम हो मेरे पास।
इस क्षितिज
का नहीं मिलता,
मुझे कोई छोर।
तेरी कृपा
से आ रही,
प्रभु मधुरिम भोर।
हे जगदीश्वर! सारे
सृजन पर।
तेरा है अनुराग।
इस सृजन से फिर
क्यों हो,
मेरा ही विराग।
अपने-पराये के जो
गुरिए,
उन्हें अब तो तोर।
तेरी कृपा से आ रही,
प्रभु मधुरिम भोर।
प्रसून उपवन में जो भी
खिले हैं,
तूं ही उनका स्रोत।
मेरा प्रकाश
ऐसा धरा पर,
ज्यों जगमग खद्योत।
तेरी आभा
मिल रही प्रभु,
'यमुनेश्वरी' को
चहुँ ओर।
तेरी कृपा से आ रही,
प्रभु मधुरिम भोर।

रचनाकार



**वल्लभ यमुनेश्वरी**
**नैनपुर**

## हमको घुमाए यहाँ रहे..

हमको घुमाए यहाँ रहे,
क्यों थे बिहारी;
बहु वर्ष बाद आई समझ,
उनकी पहेली।

प्रारब्ध कितने रहे,
पूर्व जन्मों समाहित;
संस्कार कितने बने,
क़र्ज़ यहाँ चुकाबत।

कितने रहे थे मोह,
आशा लालसा अमित;
थे दग्ध होने
कितने भाव,
जगत में रमत।

जब देख
लिया यहाँ प्रचुर,
उनको था पाया;
तब फीका लगा
उनका जगत्,
ना कुछ भाया।

उनसे ही रहा
सृजित विश्व,
केन्द्र थे वही;
'मधु' उनके
उर में मिलके,
पाए सृष्टि की धुरी।

**डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 107



**ck;s ls nk;s %&** 1) भूदान आन्दोलन के प्रणेता 5) व्यवसाय, कामधंदा 8) विस्फोटक गोला 10) बुनाई 12) हुज्जत, झगड़ा 13) फूल 16) छेने की एक प्रसिद्ध मिठाई 19) अर्थ, अभिप्राय, आशय 21) पुष्प रज, मधु 23) खेत का हराभरा होना 24) गधा 25) पानी उठनेवाली तरंग 27) लेकिन 28) ओंठ 29) फुरसत पाना, मुकाबला करना, पूरा होना 32) पिता का भाई 33) एक तार वाद्य 34) अदाकार 36) कार्यपालक, काम करनेवाला 37) पेंडुलम, दीवार की घड़ी की लटकन 39) महाराष्ट्र का गोदावरी नदी के किनारे बसा एक प्रसिद्ध शहर 41) गुनाहगार, गलती करनेवाला 43) टकराने की क्रिया 45) जनलज्जा 47) हाथ पैर फैलाकर लेटना या बैठना 48) व्यर्थ, अकारण 50) 'कैसा' का गलत उच्चारण 53) मृत्यु होना इस अर्थ का एक मुहावरा 56) रसीला, रसयुक्त 57) हमारे हाथों की संख्या 58) पेंदा 59) समुद्र या नदी का किनारा 60) ताश का दस बूंदियोंवाला पत्ता 61) एक लाख पच्चीस हजार यह संख्या 65) मशहूर, लोकप्रिय 66) आसान 68) मिलाने की क्रिया 69) दलील, मीमांसा 70) दिल्ली का एक दर्शनीय स्थल 72) प्राचीन पद्धति के अनुसार मनुष्य के जीवन का तीसरा आश्रम 74) मकान 76) सर्पिणी 77) फड़ फड़ ध्वनि करना 78) परिमाण 79) बारह राशियों में एक 80) बेइज्जती होना अर्थ का एक मुहावरा 84) कर्ज 85) हाथ, हस्त 86) एक इतिहासप्रसिद्ध मुगल सम्राट 87) उष्णता 88) दूर से तमाशा देखनेवाला 93) फिल्म या नाटक का प्रतिनायक या दुष्ट पात्र 95) विष्णु 96) दुःख, शोक 97) शोभा (उर्दू) 98) कृतघ्न 101) तृतीय 102) अवरोध हटाना, मुक्त करना 103) प्रसिद्ध, नामांकित 104) मद्यपी 105) युद्ध 106) इराक देश की मुद्रा 107) हरियाणा का एक प्रसिद्ध शहर

**Åij ls uhps %&** 1) बांटना, देना 2) किसी चीज का पतला अग्र भाग 3) मनमोहन सिंग के कार्यकाल के केन्द्रीय कृषिमंत्री शरद पवार का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 4) अपना देश 5) इटली की राजधानी 6) जन्म, जनन 7) प्रेम से उत्पन्न होनेवाला आनंद 8) शक्ति 9) खेत की पैदावार 10) पुकारना, आने के लिए कहना 11) नापित 13) प्रभात, सबेरा 15) गुणों की पारख करना 16) मार्गदर्शक (उर्दू)17) बड़ा नाटक 18) परस्त्री 20) लालच होनाकिसी वस्तु को पाने की गहरी इच्छा होना 22) किसी काम को करने के लिए कटिबद्ध होना अर्थ का एक मुहावरा 23) युद्ध के लिए पुकारना, चुनौजी देना 24) आशंका, खटखट शब्द 26) रसिया, सहृदय व्यक्ति 29) मुसलमानों का ब्याह 30) विविध पर्यटन स्थलों की सैर करनेवाला 31) जानबुझ कर किया गया धोखा, ठगने का काम 35) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 37) प्रसिद्ध अभिनेत्री करिश्मा कपूर का उपनाम 38) शराब बनानेवाली – बेचनेवाली एक जाति 40) अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रेखाद्वारा अभिनीत एकमात्र फिल्म 42) 'सूरदास' का संक्षिप्त नाम 43) रुपयें, पैसे के सिक्के ढ़ालने का कारखाना 44) रात, निशा 46) पेट में पानी जमा होने का एक रोग 47) जांच, परीक्षा 49) प्रत्येक 51) विश्वास, भरोसा 52) पत्नी का भाई 54) कहने का काम दूसरे से करवाना 55) शिष्य, अनुचर 59) वेश्या 61) मुसलमानोंद्वारा प्रणाम करना 62) अंग्रेजी का एक अक्षर 63) जोखिमभरा 64) नव ग्रहों में से एक 65) बहुत मशहूर 66) आमिरखान, सोनाली बेन्द्रे, नसिरुद्दीन शाह की एक सफल फिल्म 67) प्रमाणसहित 68) कई वस्तुएं मिलाया हुआ 71) 'बनना' क्रिया का भूतकाल 73) जगह, स्थल 75) पैर या जूते के अग्रभाग से जोर से आघात करना 81) मुर्दा गाड़ने का गड्ढा 82) सांप के सिर पर स्थित मणि 83) लज्जाजनक 85) लेखनी 86) हमेशा, हरदम 88) युद्ध 89) पुराने जमाने की एक अभिनेत्री,, अभिनेत्री काजोल की मां 90) पीटना 91) बिखरी चीजों को उठाना या चुनना 92) गीला 93) विकृति, दोष 94) अनाथ, लावारिस 96) अशुद्ध, जो ठीक न हो 99) सिगरेट के धुंए का घूंट 100) एक रंग 102) गुंफा (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## श्रीगणेशजी के नाम...!



श्रीगणेश, हमारे अतिप्रिय आराध्य, गणेश के दस नाम जो 'ग' इस आद्याक्षर से शुरु होते है, इस पहेली में आपको लिखने है.

१) ........................ २) ........................
३) ........................ ४) ........................
५) ........................ ६) ........................
७) ........................ ८) ........................
९) ........................ १०) ........................

## सू-डोकू- 107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | 2 | 4 | | | 8 |
| 1 | | | 6 | 3 | | 2 | 4 | |
| 8 | | 4 | | | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | 6 | | 4 | | |
| 5 | | | | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | | 1 | 5 | | | 2 |
| 2 | | | 3 | | | 8 | 6 | |
| | | 6 | | 8 | | 9 | | |
| 9 | | | | 4 | | | | |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

### I Mkd 106 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 8 | 1 | 4 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 | 4 |
| 9 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 1 | 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 8 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 |





# टेनिस फैंस के लिए बुरी खबर, कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन से बाहर, इस वजह से लिया ये बड़ा फैसला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*स्पेन के टेनिस सुपरस्टार कार्लोस अल्कराज कलाई की चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। इस वजह से उन्होंने 2026 फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है।*



स्पेनिश खिलाड़ी ने रोलां गैरो में अपने टाइटल को डिफेंड करने के लिए अपनी फिटनेस के मेडिकल टेस्ट करवाए। इसके बाद, उन्हें पता चला कि उनकी इंजरी समय पर ठीक नहीं होगी। फिर उन्होंने टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया। पिछले साल उन्होंने इटली के यानिक सिनर को पांच घंटे और 29 मिनट तक चले एक बेहद रोमांचक फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया था।

### बार्सिलोना ओपन के दौरान कार्लोस अल्कराज को लगी थी ये चोट..

कार्लोस अल्कराज को यह चोट बार्सिलोना ओपन के दौरान लगी थी। वहां ओटो विर्टनेन के खिलाफ अपने मैच के बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। मैच के दौरान उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट भी लेनी पड़ी थी और बाद में स्थिति बिगड़ने के कारण उन्होंने अगले दौर से पहले ट्रेनिंग भी छोड़ दिया था। इसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से भी बाहर होना पड़ा था।

### फ्रेंच ओपन के साथ एक और टूर्नामेंट से अल्काराज ने नाम लिया वापस..

फ्रेंच ओपन के अलावा अल्काराज ने इटालियन ओपन (रोम मास्टर्स) से भी अपना नाम वापस ले लिया है। यह टूर्नामेंट 6 मई से 16 मई तक खेला जाएगा। इसका मतलब है कि वह इस साल के पूरे क्ले-कोर्ट सीजन के प्रमुख टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। अल्काराज ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए लिखा कि आज किए गए टेस्ट के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी वाला काम सतर्क रहना और रोम मास्टर्स के साथ रोलां गैरो में भाग न लेना है।

### नोवाक जोकोविच ने खिताबी राह हुई आसान..

अल्काराज के फ्रेंच ओपन से बाहर होने के बाद दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के लिए खिताबी रास्ता थोड़ा आसान हो सकता है। पिछले दो सालों में अल्कराज और सिनर दोनों ने मेजर टूर्नामेंट्स में जोकोविच को कड़ी चुनौती दी है। अब अल्कराज के बाहर होने से उनके लिए राह कुछ आसान हो सकती है। बता दें कि फ्रेंच ओपन 2026 का आयोजन 24 मई से 7 जून तक होना तय है। अब इस टूर्नामेंट में जोकोविच और सिनर का प्रदर्शन कैसा रहता है ये देखने वाली बात होगी।

# करण जौहर की सुपरहिट फिल्म पर बनेगी ओटीटी सीरीज, अमिताभ, शाहरुख से लेकर रानी मुखर्जी तक धांसू थी स्टारकास्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

*करण जौहर ने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं और कुछ कहानियां तो ऐसी हैं जो आज भी लोगों के दिलों में बसी हैं। साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' भी कुछ इसी तरह की कहानी है।*



शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी और प्रीति जिंटा स्टारर ये फिल्म सुपरहिट रही थी और अब इस फिल्म की कहानी पर एक ओटीटी सीरीज भी बनने जा रही है। करण जौहर ने खुद इसका अनाउंसमेंट किया है।

### क्या बोले करण जौहर?

हाल ही में 'द वीक' से हुई बातचीत में करण जौहर ने खुलासा किया कि वह अब इस फिल्म को एक लंबी सीरीज में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम इसे एक लंबी सीरीज में बदल रहे हैं। इस फिल्म की शुरुआत 2006 में हुई थी, जब यह रिलीज हुई थी और इस पर लोगों की राय बंटी हुई थी। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या मैं बीमार हूं, क्योंकि उनका मानना था, 'आप बेवफाई को कैसे जायज ठहरा सकते हैं?' इस पर मैंने जवाब दिया, 'आप उस चीज को कैसे जायज ठहरा सकते हैं जो पहले से ही इतनी आम बात हो चुकी है?'

### करण जौहर ने क्या खुलासा किया?

फिल्म निर्माता ने आगे कहा, 'मुझे आज भी फिल्म रिलीज होने से एक दिन पहले का वो दिन याद है, जब मैं दर्शकों के साथ फिल्म देख रहा था, वहां एक बहुत ही पारंपरिक जोड़ा मौजूद था। एक दृश्य में शाहरुख और रानी एक होटल के कमरे में प्रवेश करते हैं। अपने पति के साथ आई महिला अचानक उनकी ओर मुड़ी, और उनके पति ने शांत भाव से कहा, 'ये तो सपने का दृश्य है।' पांच मिनट बाद, उन्हें एहसास हुआ कि ये सपने का दृश्य नहीं था, और वे तुरंत अपनी सीटों से उठे और थिएटर से बाहर चले गए।' तब मुझे एहसास हुआ कि फिल्म निर्माता के तौर पर हम एक ऐसे दायरे में मौजूद हैं जहां दर्शक अपने घरों में घटित होने वाली घटनाओं पर कोई राय नहीं देते, वे बस उन्हें भूल जाते हैं या अनदेखा कर देते हैं। वे उन्हें पर्दे पर देखना भी नहीं चाहते, भले ही वह उनकी अपनी वास्तविकता ही क्यों न हो।

### ओटीटी से चल रही डील..

करण जौहर ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म पर आधारित एक लंबी वेब सीरीज के लिए एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'तो, यह पक्का है कि हम एक सीरीज बना रहे हैं। यह एक खास प्लेटफॉर्म के लिए एक लंबी सीरीज होगी, जिसके बारे में मैं अभी आपको जानकारी नहीं दे सकता।

हालांकि, मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि यह बहुत जल्द रिलीज होगी।' 2006 में रिलीज़ हुई फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का निर्देशन करण जौहर ने किया था और इसका निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान ने देव सरन और रानी मुखर्जी ने माया तलवार की भूमिका निभाई थी। अभिषेक बच्चन ने ऋषि तलवार और प्रीति ज़िंटा ने रिया सरन का किरदार निभाया था। अमिताभ बच्चन और किरण खेर ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाए निभाईं। अब इस फिल्म की कहानी पर ओटीटी सीरीज की शक्ल में कुछ लंबा ड्रामा देखने को मिल सकता है।

# ओलंपिक और कॉमनवेल्थ के बाद अब एशियन गेम्स की मेजबानी पर भारत की नजरें

## एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट किया जमा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*साल 2038 में होने वाले एशियन गेम्स को लेकर भारत ने बड़ा कदम उठाने के साथ इसकी मेजबानी करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है। साल 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की*



मेजबानी जहां अहमदाबाद में की जाएगी, जिसके साथ ही 2036 में ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भी भारत प्रयास करेगा। वहीं अब एशियन गेम्स 2038 को लेकर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट यानी इच्छा की अभिव्यक्ति को आधिकारिक रूप से जमा कर दिया गया है।

### आईओए अधिकारी ने दी जानकारी..

भारतीय ओलंपिक संघ ने हाल में 2038 खेलों की मेजबानी के लिए अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति एशियाई ओलंपिक परिषद यानी ओसीए को सौंपी है। इस महाद्वीपीय ओलंपिक संस्था ने 21 अप्रैल को चीन के सान्या शहर में हुई अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत की एशियन गेम्स 2038 की मेजबानी को लेकर इच्छा पर चर्चा की थी। यहीं पर 22 अप्रैल से एशियन बीच गेम्स का भी आगाज हुआ था। एशियन गेम्स 2038 की मेजबानी की इच्छा को लेकर भारतीय ओलंपिक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर ने 24 अप्रैल को जानकारी दी कि हमने इच्छा की अभिव्यक्ति जमा कर दी है और ओसीए ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा भी की है। अगर देश को इन गेम्स की मेजबानी करने का मौका मिलता है तो इसका आयोजन अहमदाबाद में किया जाएगा।

### साल 1982 में मिली थी पिछली बार मेजबानी..

एशियन गेम्स 2038 की मेजबानी के लिए भारत को कई देशों से मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है, इसमें साउथ कोरिया और मंगोलिया का नाम सबसे आगे है। हालांकि दोनों ने अब तक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा नहीं किया है। भारत को पिछली बार एशियन गेम्स की मेजबानी करने का मौका साल 1982 में मिला था, जब दिल्ली में इसका आयोजन किया गया था। वहीं साल 1951 में जब पहली बार एशियन गेम्स हुआ था तो उस समय भी दिल्ली ने ही इसकी मेजबानी की थी। इन गेम्स में 45 देशों के 10 हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेते हैं। बता दें कि साल 2026 में होने वाले एशियन गेम्स का आयोजन आइची-नागोया में किया जाएगा, जबकि इसके बाद साल 2030 में रियाद और फिर 2034 में दोहा में एशियन गेम्स होंगे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# एनगिडी की हालत स्थिर

## जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिलेगी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया*



लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया।

मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान उनकी गर्दन को स्थिर रखने के लिए नेक ब्रेस लगाया गया।

उन्हें मेडिकल जांच के लिए तुरंत यहां पूसा रोड स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। आईपीएल ने बताया कि 30 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सिरदर्द और गर्दन में दर्द की शिकायत की थी, लेकिन फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। आईपीएल ने 'एक्स' पर कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी का सिर पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश करते समय जमीन से टकरा गया। सिरदर्द और गर्दन में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।'

इसमें कहा गया, 'एनगिडी की हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। विप्रज निगम 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' (चोट लगने पर बदले जाने वाले खिलाड़ी) के तौर पर मैदान पर आए हैं।' इस दौरान कैपिटल्स के खिलाड़ी चिंतित नजर आए और मैदान में सन्नाटा पसर गया। एनगिडी को मेडिकल टीम के सवालों का जवाब देते हुए देखा गया। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के अन्य खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर, साथ ही पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी भी उनका हालचाल पूछने के लिए वहां पहुंचे।

# वंशिका और चिराग ने 10 मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण जीता, भारत तालिका में शीर्ष पर कायम..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*वंशिका चौधरी और चिराग शर्मा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफजूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा जीत ली जिससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गई। अभी एक दिन के मुकाबले और बाकी हैं, लेकिन भारत पांच स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।*

वंशिका और चिराग की जोड़ी ने 484.3 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर प्रतिनिधित्व कर रहे अलीकसांद्रा पियात्रोवा और मिकिता दौबाश (467.6) को पीछे छोड़ दिया। मोहिनी सिंह और हिमांशु राणा की दूसरी भारतीय जोड़ी ने 407.4 का स्कोर किया और चार टीमों के फाइनल में कांस्य पदक जीता। वंशिका और चिराग ने शनिवार सुबह 582 का स्कोर किया था और 14 टीमों के क्वालीफायर में शीर्ष पर रहे थे, जबकि मोहिनी और हिमांशु 568 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

वंशिका के लिए यह टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत मुकाबले का खिताब जीता था। चिराग के लिए भी यह दूसरा पदक था, जिन्होंने इससे पहले जूनियर पुरुषों की एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता था। इसी दिन ट्रैप पुरुषों और महिलाओं के मुकाबले भी खत्म हुए जिसमें जुहैर खान फाइनल में सातवें जबकि भव्य त्रिपाठी फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं।

# बॉलीवुड में बजी एक और शहनाई

## कास्टिंग डायरेक्टर ने रचाई शादी, परिणीति से लेकर रश्मिका मंदाना तक ने दी बधाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

*शनिवार को कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी शादी की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया, जिस पर रणवीर सिंह, परिणीति चोपड़ा और रश्मिका मंदाना समेत कई हस्तियों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।*



शानू ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की कुछ झलकियां शेयर कीं। एक तस्वीर में वह अपने पति का हाथ पकड़े हुए नजर आ रही हैं। दूसरी में, वह अपने पति की बाहों में बैठी हैं। तीसरी तस्वीर में उनके हाथ में एक फूल है, जबकि एक अन्य तस्वीर में वह अपने पति के गाल पर चुंबन करती हुई दिखाई दे रही हैं।

### शेयर की भावुक पोस्ट..

तस्वीरों के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ईश्वर की कृपा से मुझे इस धरती पर साथ चलने के लिए सबसे अद्भुत इंसान मिल गया है। हमारे माता-पिता के आशीर्वाद और हमारे करीबी लोगों के प्यार से हमने आज सुबह अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया।'

उन्होंने पोस्ट का समापन करते हुए लिखा, 'हमारी शादी हो गई!' फिलहाल, शर्मा ने अपने पति की पहचान गुप्त रखने का फैसला किया है। उन्होंने बस उन्हें अपने जीवन का 'सबसे प्यारा इंसान' बताया है। इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों ने शानू की पोस्ट पर कमेंट करके इस जोड़े को बधाई दी है।

### रणवीर सिंह ने शानू को बधाई दी..

रणवीर सिंह ने पोस्ट पर लाल दिल वाले इमोजी के साथ कमेंट किया। परिणीति चोपड़ा और रश्मिका मंदाना ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए दिल वाले इमोजी पोस्ट किए। वरुण धवन ने भी दिल वाले इमोजी के साथ पोस्ट पर कमेंट किया। अर्जुन कपूर, कृति सैनन, भूमि पेडनेकर, खुशी कपूर और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों ने भी उन्हें बधाई दी। शानू शर्मा यश राज फिल्म्स से जुड़ी रही हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में कई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में अहम भूमिका निभाई है। रणवीर सिंह को खोजने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को ज्यादातर लाइमलाइट से दूर रखा है।

# जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बने कई रिकॉर्ड..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को यहां तीन राष्ट्रीय जूनियर रिकॉर्ड बने। इस दिन कई एथलीटों ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं और इसी दिन सेना के एशियाई जूनियर रजत पदक विजेता नितिन गुप्ता ने पुरुषों की अंडर-20 5,000 मीटर पैदल चाल में एक नया मानक स्थापित किया।*

गुप्ता जूनियर पुरुषों की 5,000 मीटर पैदल चाल में 19 मिनट की बाधा को तोड़ने वाले पहले भारतीय रेस वॉकर बन गए। स्वर्ण पदक जीतने के दौरान उन्होंने 18:54.37 का समय निकाला जो पिछले साल पटना में बनाए गए उनके अपने जूनियर रिकॉर्ड 19:24.48 से बेहतर था। शनिवार को उनका प्रदर्शन एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मीट रिकॉर्ड से भी बेहतर था।

उत्तर प्रदेश के लंबी कूद के एथलीट शाहनवाज खान ने भी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, जबकि केरल के प्रतिभाशाली स्प्रिंटर मोहम्मद अशफाक ने पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में नेशनल जूनियर रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

मध्य प्रदेश की रंजना यादव ने भी महिलाओं की 5,000 मीटर पैदल चाल में राष्ट्रीय जूनियर रिकॉर्ड में सुधार किया। स्वर्ण पदक जीतने के लिए उनका समय 23:22.12 था। पिछला रिकॉर्ड 23:43.58 का था, जिसे पिछले साल भुवनेश्वर में मनीषा ने बनाया था। पुरुषों की 400 मीटर ट्रैक दौड़ प्रतियोगिता के दूसरे दिन की सबसे रोमांचक स्पर्धा थी। आठ फाइनलिस्टों में से छह ने एशियाई जूनियर क्वालीफिकेशन मार्क 47.53 सेकंड से कम समय में फिनिश लाइन पार की। लेकिन केरल के प्रतिभाशाली स्प्रिंटर अशफाक ने नेशनल जूनियर रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

उनका जीतने का समय 46.05 सेकंड था जो 2017 में अमोज जैकब द्वारा बनाए गए जूनियर नेशनल रिकॉर्ड समय 46.26 सेकंड से बेहतर था। महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में मुकाबला कड़ा था। त्रिवेंद्रम की नीरू पाठक ने 54.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

तमिलनाडु के पोल वॉल्टर और स्वर्ण पदक विजेता कविनराजा एस ने भी अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर करते हुए 5.12 मीटर का नया रिकॉर्ड बनाया। उनका पिछला जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 5.11मीटर था। दिन के आखिर में शाहनवाज ने 8.23 मीटर की जबरदस्त छलांग लगाई और इस तरह उन्होंने 2018 में मुरली श्रीशंकर द्वारा बनाए गए 8.20 मीटर के जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री के वी राजू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के***

निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। मैं अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही राजीव गौबा, के वी राजू, गोबर्धन दास, अभय करंदीकर और एम श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य बनने पर बधाई देता हूं। मैं सभी के सफल और प्रभावी कार्यकाल की कामना करता हूं।÷

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग भारत की नीतिगत संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन सुगमता को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा, ÷यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।÷

प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की।

लाहिड़ी चार दशक से अधिक के अनुभव वाले वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। वह वर्तमान में पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हैं और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार तथा 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं। वह राज्य में जारी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी नहीं हैं।

के वी राजू प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी हैं।

अभय करंदीकर वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के निदेशक रह चुके हैं।

गोबर्धन दास भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के निदेशक हैं। इससे पहले वह नयी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 'मॉलिक्यूलर मेडिसिन' के विशेष केंद्र में प्रोफेसर और अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

एम श्रीनिवास देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक हैं और शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा अनुसंधान क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखते हैं।

नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति में उनका व्यापक अनुभव भारत के सुधारों और 'विकसित भारत' की




दिशा में यात्रा को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, ÷मुझे विश्वास है कि उनके प्रयास देश में नीतिनिर्माण को और सशक्त करेंगे। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।÷

प्रधानमंत्री ने गोबर्धन दास को भी नीति आयोग का सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी और कहा, ÷आपकी यात्रा, जो अथक परिश्रम और विनम्रता से भरी रही है, सभी के लिए प्रेरणादायक है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्रों में आपके महत्वपूर्ण योगदान पर पूरे देश को गर्व है। आपके कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।÷

लाहिड़ी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप नीति, नियत और निष्ठा के साथ पूरी ईमानदारी और नेक इरादों से इस महत्वपूर्ण पद पर काम करेंगे। उन्होंने कहा, ÷हम इन तीनों में सफल होंगे।÷

दास ने भी नीति आयोग के सदस्य के रूप में सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा, ÷आज मेरे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मैं पश्चिम बंगाल के एक दूरस्थ गांव के साधारण किसान परिवार से हूं।÷

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, ÷बचपन से ही मिट्टी की खुशबू, मेहनत का महत्व और संघर्ष का सत्य मेरे जीवन का हिस्सा रहे हैं। आज की जिम्मेदारी मेरे लिए सिर्फएक पद नहीं, बल्कि मेरे जैसे अनगिनत सामान्य लोगों के सपनों, उम्मीदों और विश्वास की झलक है।÷

दास ने कहा कि उनका मानना है कि देश के विकास के लिए दूरदराज क्षेत्रों, किसानों और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना जरूरी है। उन्होंने कहा, ÷इस उद्देश्य के लिए मैं प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पूरी ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ काम करने का वादा करता हूं।÷

उन्होंने कहा, ÷मैं सभी के आशीर्वाद और सहयोग की अपेक्षा करता हूं।÷ लाहिड़ी ने सुमन के बेरी का स्थान लिया है, जो मई 2022 से नीति आयोग के वाइस चेयरमैन थे।

# जितेंद्र सिंह ने वंचित समुदायों से सरकारी नौकरियों के बजाय उद्यमिता अपनाने का आह्वान किया..

जम्मू, (भाषा)।

***केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को वंचित समुदायों से पारंपरिक रूप से सरकारी नौकरियों पर निर्भरता से आगे बढ़कर उद्यमिता को अपनाने का आह्वान किया।***



सिंह ने यहां अंबेडकर चैंबर ऑफकॉमर्स की जम्मू-कश्मीर शाखा के उद्घाटन के अवसर पर अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य कमजोर वर्गों में उद्यमिता की सोच और निवेश आधारित दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर टिकाऊ आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

उन्होंने कहा, ÷सरकार ने कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए शुरुआती स्तर से ही सहयोग और समर्थन की व्यापक व्यवस्था की हैज। इन वर्गों के लोगों को केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय उद्यमिता और व्यवसाय विकास के अवसरों की ओर भी कदम बढ़ाना चाहिए।÷

सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कई लक्षित योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने जन धन योजना को वित्तीय समावेशन की पहल और मुद्रा योजना को ऋण उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

सिंह ने पारंपरिक कारीगरी के संरक्षण और स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से शुरू की गई विश्वकर्मा योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आंकड़े इन योजनाओं के दलितों और अन्य वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान पर सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन समुदायों में आकांक्षाएं बढ़ रही हैं और साधारण पृष्ठभूमि के उम्मीदवार सिविल सेवा सहित प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।

उन्होंने एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सामाजिक सशक्तीकरण का प्रतीक है।




# वित्त मंत्री ने वित्तीय क्षेत्र से साइबर सुरक्षा पर अत्यंत सतर्कता बरतने को कहा..

मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। अग्रणी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के नए मंच 'माइथोस' का नाम लिए बिना सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई)***

उपकरण साइबर हमलों को अधिक तेज बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उपकरण प्रणाली की कमजोरियों की स्वचालित ढंग से खोज कर सकते हैं और दुर्भावनापूर्ण सोर्स-कोड हस्तक्षेप जैसे तरीके अपनाकर पहचान से भी बच सकते हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह में सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

सीतारमण ने कहा, ÷केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।÷

वित्त मंत्री ने सेबी से आग्रह किया कि वह वैश्विक नियामक संस्थाओं के साथ नियमित परामर्श की एक व्यवस्था को संस्थागत रूप दे, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नियमन को अन्य देशों की नकल नहीं करनी चाहिए।

विदेशी पूंजी प्रवाह को लेकर बनी असहजता के बीच उन्होंने कहा कि नियामकों के बीच इस तरह का संवाद वैश्विक निवेशकों में भरोसा बढ़ा सकता है।

सीतारमण ने वित्तीय प्रणाली से सभी कार्यों के लिए साझा 'अपने ग्राहक को जानिए' व्यवस्था की ओर बढ़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी नागरिक को कई वित्तीय उत्पादों और मंचों पर एक ही सत्यापन प्रक्रिया को बार-बार न दोहराना पड़े।''

वित्त मंत्री ने अत्यधिक विस्तृत नियम पुस्तिकाओं के बजाय सिद्धांत-आधारित नियम बनाने के लिए सार्वजनिक परामर्श आधारित नजरिये की वकालत की।

उन्होंने कहा कि अपंजीकृत 'फिनइन्फ्लुएंसर्स'



(वित्तीय मामलों में आम लोगों को प्रभावित करने वाले व्यक्ति) के खिलाफसेबी की हालिया कार्रवाई को बिना लाइसेंस वाली वित्तीय सलाह पर नकेल कसने की नियामक की गंभीरता के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तकनीक में प्रगति के साथ सोशल मीडिया पर फर्जी निवेश वीडियो और ऐप की बाढ़ आ गई है, जिनमें से कई 'डीपफेक एआई' का उपयोग कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि निवेशक सुरक्षा को एक ''रक्षात्मक कार्य से विकासात्मक कार्य'' में बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम बांड को धन जुटाने के लिए एक अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने पर भी जोर दिया।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन डीगम और बिनौला तेल में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आवक कम रहने तथा हल्की मांग निकलने के कारण शनिवार को सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन डीगम तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे। शनिवार को कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन***



तिलहन और सोयाबीन दल्ली एवं इदौर तेल तथा पाम-पामोलीन के दाम स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि मंडियों में सरसों की आवक कम है। सामान्य तौर पर बाकी सालों में इस समय जो सरसों की आवक रहती थी वह इस बार नहीं है और किसान रोक-रोक कर अपना माल मंडियों में उतार रहे हैं। सरसों का रिफाइंड भी बनाया जा रहा है जिसके कारण आगे थोड़ी दिक्कत भी आ सकती है। इसे देखते हुए सरकार को सरसों का स्टॉक बनाने की ओर ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि आयातकों द्वारा सोयाबीन डीगम तेल का दाम ऊंचा बोले जाने के कारण सोयाबीन डीगम तेल के दाम में मामूली सुधार आया जबकि सोयाबीन के बाकी तेल और तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि उत्तर भारत में कपास की आवक निरंतर घटते हुए अब 400-500 गांठ रह गई है। इसकी वजह से बिनौला तेल के दाम में भी मामूली सुधार आया।

शनिवार को कामकाज सुस्त रहने की वजह से बाकी तेल-तिलहनों के दाम स्थिर रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 6,840-6,865 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,750-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,375-2,475 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,375-2,520 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,425 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,950 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,150 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,150-6,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,800-5,875 रुपये प्रति क्विंटल।

# पीपीबीएल पर कार्रवाई का कोई असर नहीं, पेटीएम के कारोबार में मजबूत गति बरकरार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई***




वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। कंपनी ने स्पष्ट किया, ''जैसा कि एक मार्च, 2024 को पहले ही बताया जा चुका है, कंपनी का पीपीबीएल के साथ कोई जोखिम या महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता नहीं है। कंपनी द्वारा दी जाने वाली कोई भी सेवा पीपीबीएल के साथ साझेदारी में नहीं है।

इसके अलावा, पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से संचालित होता है।'' पेटीएम ने यह भी कहा कि कंपनी पर इसका कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है, क्योंकि वह 31 मार्च, 2024 को ही पीपीबीएल में अपने निवेश को बट्टे खाते में डाल चुकी है।

कंपनी ने आगे स्पष्ट किया कि उसकी कोई भी सेवा पीपीबीएल से जुड़ी नहीं है और उसकी सहायक कंपनियों सहित सभी पेशकश सामान्य रूप से काम कर रही हैं।

पेटीएम ने कहा, ''पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। इनमें पेटीएम ऐप, पेटीएम यूपीआई, पेटीएम गोल्ड और सहायक व सहयोगी कंपनियों की अन्य सेवाएं जैसे पेटीएम क्यूआर, पेटीएम साउंडबॉक्स, पेटीएम कार्ड मशीन, पेटीएम पेमेंट गेटवे और पेटीएम मनी आदि शामिल हैं।''

# आरबीएल बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा तीन गुना बढ़कर 230 करोड़ रुपये

मुंबई, (भाषा)।

***आरबीएल बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक बढ़कर 230 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 69 करोड़ रुपये था।***

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 822 करोड़ रुपये रहा। एक बयान के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सात प्रतिशत बढ़कर 1,671 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में 1,563 करोड़ रुपये थी।

हालांकि, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) घटकर 4.41 प्रतिशत रह गया, जो एक वर्ष पहले 4.89 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.63 प्रतिशत था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान प्रावधान 14 प्रतिशत घटकर 678 करोड़ रुपये रह गए, जिससे परिचालन लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 955 करोड़ रुपये रहा।

परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक ने ऋण पोर्टफोलियो में सुधार दर्ज किया। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2026 के अंत तक घटकर 1.18 प्रतिशत रह गया, जो एक वर्ष पहले 2.60 प्रतिशत था।

भविष्य की संभावनाओं पर टिप्पणी करते हुए बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर सुब्रमण्यम कुमार ने कहा कि अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों के साथ चालू वित्त वर्ष में वृद्धि की रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# 3 साल के बेटे का गला रेतकर फांसी पर लटक गया शख्स, पत्नी ने बताई रात की पूरी घटना..



डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के रक्सा थाना क्षेत्र के ढिमररपुरा गांव में एक दिल दहला देने वाली वाली घटना सामने आई है। गांव में प्रेम सिंह नाम के एक शख्स ने कथित तौर पर अपने 3 साल के बेटे भरत की हत्या कर दी***

और उसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार सुबह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर देखा कि प्रेम सिंह घर में फांसी पर लटका हुआ था और उसके बेटे का लहुलुहान शव भी वहीं पड़ा था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 'पता ही नहीं चला बेटे को कब ले गया'

घटना के बारे में जानकारी देते हुए प्रेम सिंह की पत्नी आशा ने बताया कि शुक्रवार रात उसका पति एक समारोह से वापस आने के बाद शराब के नशे में था। आशा ने बताया कि नशे को लेकर उसकी अपने पति से कहासुनी हुई थी। उसने बताया कि उसका पति देर रात अपने बेटे को सोते समय कब उठाकर ले गया, यह उसे पता ही नहीं चला। प्रेम सिंह खेती-बाड़ी करके परिवार पालता था। पुलिस के मुताबिक, धारदार हथियार से बेटे की हत्या करने और फिर खुद आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि 'विस्तृत पूछताछ एवं पोस्टमॉर्टम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।'

## प्रतापगढ़ में पिता ने की बेटी की हत्या..

वहीं, सूबे के प्रतापगढ़ जिले के कोहंडौर क्षेत्र में भी एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। पुलिस ने अपनी बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के आरोप में रामलाल को गौरा अतरसंड गांव स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि बुधवार को 30 साल की सोनम का शव घर के पास से बरामद किया गया। सोनम के पति अजय कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके ससुर ने शराब के नशे में सोनम की हत्या कर दी। पूछताछ के दौरान रामलाल ने अपराध स्वीकार कर लिया।

## 'डंडे से हमला करके कुल्हाड़ी से मारा'..

पुलिस के एक अधिकारी ने जांच के हवाले से बताया, 'रात में उसने खाना न बनने को लेकर बेटी से विवाद किया। जब वह नशे में घर लौटा तो उसने बेटी से पूछा कि खाना क्यों नहीं बनाया। इस पर नाराज होकर बेटी ने जवाब दिया कि जब पिता शराब पीकर बाहर थे तो वह किसके लिए खाना बनाती।' अधिकारी ने बताया कि 'इस पर गुस्से में आकर आरोपी ने पहले सोनम पर डंडे से हमला किया और बाद में कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी।' पुलिस के अनुसार आरोपी ने खून के धब्बे साफ कर और साड़ी छिपाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने कुल्हाड़ी और डंडा बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# 31 साल पुराने अपहरण-हत्या मामले में यूट्यूबर गिरफ्तार, पहचान बदल कर रह रहा था आरोपी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली पुलिस ने 31 साल पुराने अपहरण व हत्या के एक मामले के सिलसिले में स्थानीय स्तर पर एक सामाजिक कार्यकर्ता और यूट्यूबर के रूप में पहचान बना चुके 54 वर्षीय एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहचान बदलकर यहां रह रहा था।***



पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान सलीम खान उर्फ सलीम अहमद के रूप में हुई है और उसे सलीम वास्तिक के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि वास्तिक को अपराध शाखा की एक टीम ने उत्तर प्रदेश के लोनी से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, वह 2000 में मिली अंतरिम जमानत का उल्लंघन करने के बाद दो दशकों से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को 1997 में उसके साथी अनिल के साथ उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक सीमेंट व्यापारी के 13 वर्षीय बेटे की अपहरण के बाद हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'जनवरी 1995 में स्कूल जाते समय लड़के का अपहरण कर लिया गया था और उसकी रिहाई के बदले 30,000 रुपये की फिरौती मांगी गई थी।' अधिकारी ने बताया कि पीड़ित के पिता को अपहरणकर्ताओं का फोन आया था, जिन्होंने उन्हें लोनी फ्लाईओवर के पास एक बस स्टैंड पर फिरौती की रकम देने को कहा था। उन्होंने बताया कि फोन करने वाले ने उन्हें पुलिस को सूचना न देने की चेतावनी भी दी थी।

अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान शक सलीम खान पर गया, जो उस समय लड़के के स्कूल में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस की एक टीम ने उससे पूछताछ की और उसके खुलासे के आधार पर दिल्ली के मुस्तफाबाद के पास एक नाले से लड़के का शव बरामद किया। अधिकारी के अनुसार, सह-आरोपी अनिल की पहचान बाद में हुई और उसने फरवरी 1995 में अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दिल्ली के एक सत्र न्यायालय ने मुकदमे की सुनवाई के बाद दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में इस फैसले को चुनौती दी।

अपील लंबित रहने के दौरान सलीम खान को नवंबर 2000 में अंतरिम जमानत दी गई लेकिन उसके बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। उच्च न्यायालय ने उसकी सजा को बरकरार रखा।

अधिकारी ने बताया, 'जमानत पर रिहा होने के बाद सलीम खान हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बार-बार अपना ठिकाना बदलकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचता रहा। बताया जाता है कि वह करनाल और अंबाला जैसी जगहों पर अलमारी बनाने का काम करता था और लगभग 2010 में लोनी में स्थायी रूप से बस गया।' सलीम खान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सरकारी रिकॉर्ड में खुद को कथित तौर पर मृत घोषित कर दिया और सलीम वास्तिक या सलीम अहमद के नाम से एक नई पहचान अपना ली। इस पहचान के तहत वह महिलाओं के कपड़ों व अन्य सामान की दुकान चलाता था और सोशल मीडिया मंच पर भी सक्रिय हो गया, जहां उसने खुद को एक सामाजिक कार्यकर्ता एवं यूट्यूबर के रूप में पेश किया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में सफलता उस समय मिली जब अपराध शाखा की एक टीम को सूचना मिली, जिसका इस्तेमाल आरोपी खान की पुरानी तस्वीरों और फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड के जरिए उसकी पहचान सत्यापित करने के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक, लोनी की स्थानीय पुलिस की सहायता से एक टीम ने अभियान को अंजाम दिया और 31 साल पुराने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# देवालगांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय बछड़ा हुआ घायल..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच 25 अप्रैल की अल सुबह ग्राम देवलगांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां एक अज्ञात वाहन ने गाय के एक बछड़े को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सुबह जब ग्रामीणों की नजर घायल बछड़े पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत उसे सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पानी व चारा उपलब्ध कराया।***

इसके पश्चात साडरा से पशु चिकित्सक डॉ. नारनौरे को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डॉ. नारनौरे मौके पर पहुंचे और बछड़े का प्राथमिक उपचार किया। टक्कर के कारण बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा उसके शरीर से काफी रक्त बह चुका था। डॉक्टर ने उसके पेट की फटी चमड़ी पर टांके लगाकर उपचार किया।

## वाहन चालकों से अपील..

ग्रामीणों ने वाहन चालकों से अपील की है कि विशेषकर रात्रि के समय वाहन धीमी गति से चलाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके और मूक पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# गोदाम में आग लगने पर एक कर्मी की मौत, एक अन्य झुलसा, मृत कर्मी के पिता का साजिश का आरोप..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा में गुरुग्राम के खेरकी दौला इलाके में अपने कार्यस्थल पर आग लगने से झुलसने के कारण एक गोदाम सुपरवाइजर की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।***



उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर का एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने कहा कि आग की घटना में झुलस गये एक अन्य कर्मी अस्पताल में भर्ती है। सुपरवाइजर के पिता ने उसके बेटे की मौत की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम में साजिश और लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सुपरवाइजर का शव परिवार को सौंप दिया गया है। उसने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

दिल्ली के उत्तम नगर के मदन चौहान का कहना है कि उनके बेटा लक्ष्य सिंह चौहान (31) खेरकी दौला क्षेत्र में स्थित एनएएसी गोदाम में सुपरवाइजर था।

मदन चौहान की शिकायत के अनुसार 21 अप्रैल को गोदाम में आग लग गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने शाम करीब छह बजे अपने बेटे के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन वह बंद था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उन्होंने लक्ष्य के सहकर्मी को फोन किया, तो उन्हें पता चला कि गोदाम में आग लगने पर झुलस जाने के कारण उनके बेटे को शाम चार बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में शिवम नामक एक अन्य कर्मचारी झुलस भी गया। जब शिकायतकर्ता गुरुग्राम पहुंचे, तब तक उनके बेटे को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुपरवाइजर के पिता ने आरोप लगाया कि उनका बेटा एक साजिश का शिकार हुआ था । उन्होंने कहा कि गोदाम प्रबंधन या मालिक ने उन्हें उनके बेटे की जलने के बारे में सूचित नहीं किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके बेटे के प्राथमिक उपचार में लापरवाही बरती गयी। शिकायत के अनुसार, मदन चौहान को संदेह है कि गोदाम में उचित अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी के कारण आग लगी और उनके बेटे की मौत हुई। जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने कहा, 'पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच से जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

# तमिलनाडु की एक और पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, दरवाजा खुलते ही 2 मजदूरों के उड़े परखच्चे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***तमिलनाडु के थेनी जिले के कंबम शहर में शनिवार सुबह एक प्राइवेट पटाखा फैक्ट्री में हुए जोरदार विस्फोट में 2 मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा कात्तुपल्ली वासल स्ट्रीट पर स्थित लक्ष्मी फायरक्रैकर फैक्ट्री में हुआ।***



फैक्ट्री के मालिक की पहचान तिरुपति के रूप में हुई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, इस हादसे की चपेट में आने वाले मजदूरों की पहचान अय्यप्पन, नागार्जुन, सूर्या और दिनेश उर्फ धीना के रूप में हुई है।

इनमें से सूर्या और दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अय्यप्पन और नागार्जुन पास में ही मौजूद थे और विस्फोट की आवाज सुनकर डर के मारे वहां से भाग निकले।

## स्टोर रूम खोलते ही हुआ धमाका..

जानकारी के मुताबिक, पटाखा फैक्ट्री पिछले 2 दिनों से चुनावी छुट्टियों के कारण बंद थी। शनिवार को जब काम दोबारा शुरू हुआ, तो सूर्या और दिनेश कच्चे माल वाले स्टोर रूम में पहुंचे। जैसे ही उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला, अचानक जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि दोनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। धमाके की आवाज सुनकर बाकी के दो मजदूर अयप्पन और नागार्जुन वहां से भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

## जांच शुरू, कारणों की पड़ताल जारी..

शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए थेनी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। इसके साथ ही दमकल और बचाव दल भी मौके पर पहुंचा और फैक्ट्री में फैली आग पर काबू पाया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और विस्फोट के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती तौर पर यह पता लगाया जा रहा है कि स्टोर रूम में रखे कच्चे माल में किस वजह से विस्फोट हुआ और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। बता दें कि 19 अप्रैल को तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 25 श्रमिकों की मौत हो गई थी और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।






# जैसलमेर में जीरा चोरी की साजिश नाकाम होने पर महिला की गोली मारकर हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

राजस्थान के जैसलमेर जिले में 50 वर्षीय एक महिला की उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, झिंझिन्याली थाना क्षेत्र के बीरे की ढाणी में 21 अप्रैल की रात यह घटना हुई। पीड़िता हत्तू देवी (50) घर पर अकेली थीं, जबकि उनके पति एक शादी समारोह में गए हुए थे। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी हेम सिंह (25) कथित तौर पर महिला के घर से करीब पांच लाख रुपये मूल्य के जीरे के बीज चोरी करने की योजना बनाकर अवैध हथियार के साथ वहां पहुंचा था। इसी दौरान महिला ने हलचल महसूस की और कमरे की ओर गईं। पहचान हो जाने के डर से आरोपी ने खिड़की से नजदीक से गोली चला दी, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। अगली सुबह जब पीड़िता का पति घर लौटा तो उसने पत्नी का शव देखा। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी बिना चोरी किए ही वहां से फरार हो गया। घटना को लूट जैसा दिखाने के लिए उसने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को लगभग आठ किलोमीटर दूर छोड़ दिया और बाद में घटनास्थल पर लौटकर खुद को मददगार के रूप में पेश करने लगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की, लेकिन जांच के दौरान घर में अन्य कीमती सामान सुरक्षित मिलने और तकनीकी विश्लेषण, विशेषकर मोबाइल टावर लोकेशन, से उस पर संदेह हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने बताया कि आरोपी शराब का आदी है और कर्ज में डूबा हुआ था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।



# कर्नाटक में धार्मिक जुलूस के दौरान पैदल पुल टूटने से आठ श्रद्धालु घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दक्षिण कन्नड़ जिले में धार्मिक जुलूस के दौरान पैदल पुल के कथित तौर पर ढहने से आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मूडबिद्री तालुक में होसाबेट्टू के निकट बावाडाबेल में शुक्रवार रात उस समय घटी जब श्रद्धालु धर्मनेमा अनुष्ठान की तैयारियों के तहत पवित्र प्रसाद से भरी पालकी पैदल पुल से ले जा रहे थे।***



अधिकारियों के मुताबिक, इस जुलूस में करीब 25 लोग शामिल थे। यह जुलूस सनडगुड्डे पाडिहोदिबेट्टू में एक मंदिर से शुरू हुआ और ताकोडे बरके में एक निवास की तरफजा रहा था। जुलूस में पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने वाले भी आगे चल रहे थे और दुर्घटना के समय वे संकरे पैदल पुल से गुजर रहे थे। प्रारंभिक खबरों से संकेत मिलता है कि जब समूह पुल के मध्य भाग पर पहुंचा तो सहायक बीम के टूटने से पुल ढह गया जिससे पालकी लिए हुए लोग और कई अन्य श्रद्धालु करीब 10 फुट गहरी खाई में गिर गए।

इस धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों में से एक हरीश के दोनों पैर टूट गए, जबकि मरूर के सुनील शेट्टी को गंभीर चोटें आई हैं। छह अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के उपरांत स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बचाने में मदद की। बाद में घायलों को इलाज के लिए मूडबिद्री में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि इस पैदल पुल का निर्माण करीब पांच दशक पहले कराया गया था और यह कमजोर स्थिति में था।



मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171

# ‘सावित्री की विरासत को बचाकर रखें और आत्म - सम्मान के साथ जिएं’

## आधुनिक गाडगेबाबा का महिलाओं की तरक्की का मंत्र..

## मकर संक्रांति पर विधवा बहनों को सम्मान के साथ बुलाएं; सत्यपाल महाराज की आमगांव में बदलाव की अपील..





जगप्रेरणा आमगांव।

***समाज में फैली अनिष्ट प्रथा को खत्म करने और वैज्ञानिक सोच और इंसानियत के विचारों को फैलाने के लिए, ‘समाज जागृति संघ’, आमगांव द्वारा आयोजित भव्य***

‘संगीतमय समाज प्रबोधन समारोह गुरुवार, 23 अप्रैल को कुषी उपज समिती के प्रागंण में बहुत जोश के साथ हुआ क्रांतिसुर्य महात्मा ज्योतिराव फुले और विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में ज्ञान के कलाकार सत्यपाल महाराज ने अपनी ‘सप्तखंजरी’ के ज़रिए ज्ञान की ‘सत्यवाणी’ पेश की।

इस मौके पर हज़ारों सुनने वाले मौजूद रहे और इस सोच को देखा। कार्यक्रम की जान, सत्यपाल महाराज ने सिर्फ़ पाँच उंगलियों और हाथ की हथेली से सप्तखंडजीरी से ऐसी आवाज़ें निकालीं कि सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो गए। अपनी खास ‘वरहाड़ी’ बोली में बात करते हुए उन्होंने अंधविश्वास, जादू-टोना और टोने-टोटके पर ज़ोरदार हमला किया। ‘बच्चों की पढ़ाई पर पैसा खर्च करें, फालतू के धार्मिक रीति-रिवाजों पर नहीं,’ उनके इस संदेश ने सुनने वालों के दिलों को छू लिया।

सावित्री की बेटियों के सम्मान का मंत्रः महाराज ने अपने भाषण के ज़रिए महिलाओं से सावित्रीबाई फुले का किरदार अपनाने की अपील की। उन्होंने एक मज़बूत विचार रखा, ‘मकर संक्रांति जैसे त्योहारों पर हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम में विधवाओं को सम्मान के साथ बुलाएँ और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाएँ।’ उन्होंने यह भी कहा, ‘लव मैरिज करें लेकिन उसे बनाए रखें और आत्म-सम्मान के साथ ज़िंदगी जिएँ, भले ही सिर्फ बर्तन धोना ही क्यों न हो,’ और उन्होंने महिलाओं में आत्मविश्वास जगाया। उन्होंने कीमती सलाह दी कि बहुजन समाज को आपसी दुश्मनी छोड़कर दूसरे व्यवसाय समाज से तरक्की का सबक सीखना चाहिए और नशा नहीं करना चाहिए।

कार्यक्रम का खास आकर्षण यह था कि कीर्तन से पहले, मौजूद लोगों को ‘भारतीय संविधान की प्रस्तावना’ की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही, कार्यक्रम के वक्ता ने शपथ ली कि ‘बाल विवाह नहीं होगा’ और सामाजिक बदलाव की ओर एक कदम बढ़ाया। ज्ञानवर्धन के साथ-साथ, महाराज ने सवाल-जवाब करने वाले बच्चों को नगद महिलाओं को साड़ी और पुरुषों को शॉल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सुरेंद्र नायडू ने की, जबकि उद्घाटन माननीय संजय बहेकार ने किया। महेश उके, उत्तम नंदेश्वर, रवि क्षीरसागर, तीरथ येटरे, मुनेश पंचेश्वर, आकाश रामटेके और जीवन बुधराम राहिले मुख्य अतिथी के तौर पर मौजूद थे।

इस मौके पर गाइड और आयोजन समिती के सभी पदाधिकारी मौजूद थे समन्वयक राजेश सतनूरकर और समाज जागृति संघ का यह कार्यक्रम सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं था, बल्कि यह एक सफल ‘ध्यास’ साबित हुआ जिसने समाज को काम, क्रोध, लोभ और भ्रम के अंधेरे से बाहर निकाला कार्यक्रम को सुरेंद्र मेंढे और प्रकाश ब्रह्मणकर ने संचालन किया, प्रास्ताविक राजेश सतनूरकर ने दिया और आभार जगन परतेती ने दिया।

### सौंदड़ रेलवे ओवरब्रीज अंडरग्राऊंड बोगदे की परेशानी को लेकर..

# सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी ने सांसद पफुल पटेल को सौंपा ज्ञापन..

## पूर्व मंत्री विधायक राजकुमार बडोले भी रहे साथ..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की ग्राम पंचायत सौंदड़ के जुझारु सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी निरंतर ग्राम विकास एवं जनसेवा के कार्य में सक्रिय रहते हैं,***

तथा अपनी ऐसी ही सक्रियता के साथ जनसमस्याओं के निवारण हेतु तत्पर सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी ने 24 अप्रैल 2026 को गोंदिया में विधायक राजकुमार बडोले की प्रमुख उपस्थिति में सांसद प्रफुल पटेल से मुलाकात की, और सौंदड़ ग्राम व क्षेत्र की जनता की प्रमुख समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए निवेदन सौंपा।

सरपंच हर्ष मोदी ने अपने निवेदन के साथ सांसद प्रफुल पटेल को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग नागपुर रायपुर क्रमांक 06 पर स्थित सौंदड महाराष्ट्र रेल्वे ओवरब्रिज के नीचे बोगदे का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा भविष्य में वहां स्थित रेल्वे गेट बंद किए जाने की संभावना है, लेकिन उक्त रेल्वे गेट को बंद न कर पूर्ववत चालू रखा जाना चाहिये, यह मांग सांसद पटेल के समक्ष रखते हुए हर्ष मोदी ने नागरिकों की जरुरतों के संदर्भ में सांसद पटेल का ध्यान आकर्षित कराया। हर्ष मोदी ने बताया कि 1. बोगदे की ऊंचाई कम होने के कारण राज्य परिवहन की बसें बोगदे से नहीं गुजर पाएंगी, जिससे यात्रियों को श्रीरामनगर (बोपाबोडी फाटा) तथा फुटाळा (चुलबंद नदी) से बस पकडनी पड़ेगी। इससे विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आम नागरिकों को कठिनाई होगी। 2. बोगदे के पूर्व दिशा में चुलबंद नदी स्थित है, जिसका जल प्रवाह भी इसी स्थान से होता है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। 3. ओवरब्रिज के दोनों ओर फुटाळा मालगुजारी तलाव तथा सौंदड मालगुजारी तलाव स्थित हैं, जिनका पानी वर्षा ऋतु में इसी क्षेत्र में आता है, जिससे निरंतर जल जमाव की स्थिति बनी रहेगी। 4. इस अंडरग्राउंड बोगदे से फुटाळा, सौंदड, सिंदीपार, खोडशिवनी, घाटबोरी सहित लगभग 10-12 गांवों का आवागमन होता है। बोगदे में पानी भरने तथा पशु एवं आवारा कुत्तों के विचरण से नागरिकों को गंभीर असुविधा होगी।

हर्ष मोदी ने सांसद श्री पटेल ने निवेदन किया कि माननीय जिलाधिकारी, गोंदिया तथा संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए सौंदड स्थित रेल्वे गेट को यथावत रखे जाने संबंधी निर्देश रेल विभाग को भी सांसद प्रफुल पटेल जरुर दें, ताकि उसे बंद न किया जाए। हर्ष मोदी ने बताया कि उनकी मांगों को लेकर सांसद श्री पटेल ने आश्वासन दिया कि वे जिलाधिकारी एवं रेल विभाग को पत्र लिखकर सुचित करेंगे, ताकि जनता की मांग का समाधान हो सके।

# नए अभ्यासक्रम के हिसाब से गर्मियों में ट्रेनिंग न हो, शिक्षक समिती का जिलाधिकारी को निवेदन..



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र राज्य शिक्षक समिती की तरफ से जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोदावले को अलग-अलग मांगों को लेकर एक निवेदन दिया गया।***

इस दौरान मुख्य मांग यह थी कि BLO के तौर पर काम कर रहे शिक्षक को जनगणना के काम से बाहर रखा जाए और नए अभ्यासक्रम के हिसाब से होने वाली शिक्षक प्रशिक्षण पर फिर से विचार किया जाए।

यह निवेदन राज्य संघटना के राज्यधिकारी विजय कोंबे और सरचिटणीस राजन कोरेगांवकर के निर्देश पर दिया गया। समिती ने कहा कि सेंसस और वोटर लिस्ट वेरिफिकेश (SIR) के चल रहे ज़रूरी काम की वजह से क्लास 2, 3 और 4 के शिक्षक के लिए होने वाले प्रशिक्षण में दिक्कतें आ रही हैं।

निवेदन में साफ किया गया कि सेंसस और SIR का काम पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहा है और इसकी ज़िम्मेदारी प्राथमिक शिक्षक को दी गई है। इस वजह से शिक्षक के लिए प्रशिक्षण में पूरी तरह से हिस्सा लेना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा, समिती ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि गर्मियों की छुट्टियों में प्रशिक्षण होने से शिक्षक के छुट्टियों के हक पर भी असर पड़ रहा है। शिक्षक समिती ने निवेदन में बताया कि शिक्षक का मकसद सिर्फ छुट्टियां चाहना नहीं है, बल्कि मौजूदा हालात में प्रशिक्षण के लिए सही दूसरा समय तय करना ज़रूरी है। सरकारी काम के बढ़ते प्रेशर को देखते हुए प्रशिक्षण को टालने या किसी आसान समय पर कराने की मांग की गई है और इस बारे में SCRT, पुणे को एक निवेदन भी भेजा गया है।

इस समय, समिती के पदाधिकारियों ने शिक्षक की समस्याओं को विस्तार से जिलाधिकारी के सामने रखा। जिलाधिकारी कलेक्टर डॉ. मंगेश गोदावले ने निवेदन पर तुरंत कार्रवाई का भरोसा शिष्टमंडळ को दिया।

निवेदन देते समय जिल्हाध्यक्ष संदीप तिड़के, विभागीय अध्यक्ष किशोर डोंगरवार महासचिव संदीप मेश्राम, उपाध्यक्ष एच.एस. बिसेन, कार्याध्यक्ष मुकेश रहांगडाले, शोभेलाल ठाकुर, उमेश रहांगडाले, लीलाधर बघेल, जीवन म्हासखेत्री, मनीष मेश्राम, गणेश कंगने, सूरज चौधरी, साखरे और शिक्षक समिती के दूसरे पदाधिकारी मौजूद थे।

# ज्ञानभारतम् परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ..

## प्राचीन या मूल्यवान पांडुलिपियाँ सरकार तक पहुंचा सकते हैं गोंदिया जिले के नागरिक..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारत को पांडुलिपियों (हस्तलिखितों) की अत्यंत समृद्ध विरासत प्राप्त है। पारंपरिक ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी इन्हीं पांडुलिपियों के माध्यम से संरक्षित और प्रसारित होता रहा है। हालांकि, ये पांडुलिपियाँ देशभर में विभिन्न स्थानों पर बिखरी हुई हैं।***

इस महत्वपूर्ण ज्ञान-संपदा को एकत्रित कर एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार ने ज्ञानभारतम् परियोजना की रूपरेखा तैयार की है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की अमूल्य पांडुलिपि धरोहर का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटाइजेशन तथा प्रसार करना है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत देशव्यापी पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ 16 मार्च 2026 से किया गया है।

केंद्रीय बजट 2025 में घोषित इस योजना के तहत देशभर की शैक्षणिक संस्थाओं, संग्रहालयों, पुस्तकालयों, धार्मिक संस्थाओं तथा निजी संग्राहकों के सहयोग से एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों की खोज और पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियों का राष्ट्रीय डिजिटल भंडार तैयार कर उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना में पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित संस्था, पुस्तकालय अथवा निजी संग्राहक के पास ही रहेगा। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी पांडुलिपियाँ सरकार को सौंपना चाहे, तो सरकार उन्हें स्वीकार करेगी। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्य की विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, पांडुलिपि संग्रहालयों तथा विद्वानों के सहयोग से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा।

### महाराष्ट्र में प्रमुख केंद्र..

महाराष्ट्र में प्रमुख केन्द्र में कवि कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर क्लस्टर केंद्र एवं भांडारकर प्राच्यविद्या अनुसंधान संस्थान, पुणे क्लस्टर केंद्र, आनंद आश्रम संस्थान, पुणे स्वतंत्र केंद्र, भारत इतिहास संशोधक मंडल, पुणे स्वतंत्र केंद्र के रुप में स्थापित किये गए हैं। महाराष्ट्र राज्य के लिए पुराभिलेख संचालनालय, मुंबई को राज्य नोडल संस्था नियुक्त किया गया है। राज्य नोडल अधिकारी के रूप में श्री सुजीत कुमार उगले (संचालक) तथा सह-नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती अंजली ढमाल (उपसंचालक, मराठी भाषा विकास संस्था) कार्यभार संभाल रही हैं।

### डिजिटल प्रक्रिया एवं सहभागिता..

इस सर्वेक्षण के लिए ज्ञान भारतम मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से पांडुलिपियों का क्षेत्रीय मूल्यांकन, सत्यापन और दस्तावेजीकरण किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में जिला नोडल अधिकारी नियुक्त करने, जिला स्तरीय समितियाँ गठित करने तथा मंदिरों, मठों, धार्मिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, शैक्षणिक संस्थानों और निजी संग्राहकों को इस सर्वेक्षण में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थान, पुस्तकालय, संग्रहालय, संस्कृत पाठशालाएँ, धार्मिक संस्थाएँ, शोधकर्ता, पारंपरिक विद्वान, साथ ही एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवक, विद्यार्थी और विरासत संरक्षण से जुड़ी संस्थाएँ सक्रिय रूप से भाग लेंगी।

### जनता से अपील..

जिन नागरिकों के पास प्राचीन या मूल्यवान पांडुलिपियाँ उपलब्ध हैं, वे उनकी जानकारी ज्ञानभारतम् मोबाइल ऐप पर अपलोड कर इस राष्ट्रीय अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ऐसी अपील की गई है।

## अचानक तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकरी अनुसार दिनांक 24/4/2026 के 11 बजे के दरम्यान बोरगाव मे कमलेश रामचंद्र धमगाये उम्र 40 वर्ष निवासी बोरगाव की अचानक तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल देवरी ले जाया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फर्यादी के बयान और डाक्टर की डेथ सर्टिफिकेट पर पोस्टे देवरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 14/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा पटेल 740 पोस्टे देवरी कर रहे है।

## टिप्पर चालक ने अचानक ब्रेक मारने से मोटरसायकल चालक हुवा जखमी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/ 4/ 2026 के 8 बजे के दरम्यान आमगाव मे पवन प्रेमलाल मस्करे अपनी मोटरसायकल से दोनो बेटियो के साथ जा रहे थे। सामने जा रहे टिप्पर क्रमांक एम एच 35 एजे 5619 के चालक ने अपना वाहन अचानक रोक दिया जिससे पिछे आ रही मोटसायकल क्रमांक एम एच 35 ए यु 4574 टकराने से चालक और दोनो बेटियो को चोट लगी और गाडी की टुटफुट होने से दिये शिकायत पर टिप्पर चालक के खिलाफ पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 295/2026 धारा 281,125, ए,125, बी, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दुबेलाल उईके 795 पोस्टे आ मगाव कर रहे है।

### गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## बेटे को लाने गये पिता की ऑक्सीडेंट मे मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/4/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान गोठणगाव मे फर्यादी अफरोज कलीम शेख उम्र 30 वर्ष निवासी गोठण गाव के पास आकर कृष्णकुमार हरीचंद बडोले ने आकर कहा तुम्हारी मोटरसायकल दो मै अपने बच्चे को लेकर आता हु। और गाडी लेकर गया थोडी देर बाद गोठनगांव के पुलिस पाटील ने आकर बताया की नहर के पास असीडेंट हुवा है फर्यादी ने जाकर देखा कृष्णकुमार गिरा है और बाजू मे फर्यादी की मोटरसायकल गिरी हुई है, कृष्णकुमार ने गाडी जोर से चलाया होगा और नियंत्रण छुटने से वह गिरा जिसमे उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे केशोरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 05/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा प्रेमदास होळी 2121 पोस्टे केशोरी कर रहे है।

RS रुशी मुर्रा इंडस्ट्रीज
प्रो.सचिन कसारे
मो.9673030248, 9511241525
मुरमुरा चना लाई बटाना पॉपकॉर्न फल्लीदाना
पास्ता सेवई नुडल्स माईक्रोनी के निर्माता
झाडु,पोछा,वायपर के निर्माता
सभी प्रॉडक्ट होलसेल भाव मे उपलब्ध है।
मो.9637631171
मेन रोड कुऱ्हाडी

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा
व्हेसल सिलर मशिन
लेजर मशिन
लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
M.S. (Shalya)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म तज्ञ
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
फोन : 07182-230404, मोबाईल : 09823021274



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# सांसद प्रफुल पटेल ने गोंदिया में विभिन्न संगठनों व नागरिकों से की मुलाकात..

## अनेक निवेदनों को स्वीकार कर दिया सकारात्मक आश्वासन







जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले में संसदीय नेतृत्व तो जनता ने अन्य दलों और अन्य नेताओं को दिये हैं, लेकिन फिर भी गोंदिया भंडारा जिले की जनता की समस्याओं का समाधान करने और जनसुविधाओं की सर्वाधिक ध्यान रखने में सबसे ज्यादा सांसद प्रफुल पटेल अव्वल रहते हैं।***

सांसद प्रफुल पटेल का जब भी दौरा कार्यक्रम सुनिश्चित होता है, एक या दो दिन में ही सुबह से रात तक उनके दौरा कार्यक्रमों एवं बंगलों में मुलाकात करने वालों की भारी भीड़ नजर आती है। ऐसा ही दिनांक 24 और 25 अप्रैल को भी हुआ, जब सांसद प्रफुल पटेल के निवास में तथा दौरा कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही आम नागरिकों ने भी सांसद श्री पटेल से मुलाकात की, और अपना निवेदन सौंपकर समस्याओं के समाधान की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद प्रफुल पटेल ने एक एक कर लगातार सभी से मुलाकात की, और सभी को यथोचित सम्मान के साथ सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल से मुलाकात करने वाले लोग संतुष्ट दिखाई दिये, तथा अपने चेहरों पर मुस्कुराट लेकर वापस लौटे।

# अनु.जाती उप वर्गीकरण के विरोध आंदोलन में उतरे सत्तापक्ष के विधायक विनोद अग्रवाल

## बोले, आपकी इस लड़ाई में, मैं पूरी ताकत के साथ आपके साथ...



जगप्रेरणा गोंदिया।

***शहर के डॉ. बाबासाहब आंबेडकर चौक पर राज्य के पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री एवं वर्तमान विधायक राजकुमार बडोले द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति उपवर्गीकरण के विरोध में किये गए आंदोलन में गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपना समर्थन घोषित किया। अनुसूचित जाति उपवर्गीकरण के विरोध में उतरे हजारों समाज बंधुओं को संबोधित***

करते हुए विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, हम जनता की आवाज़ है। हमारा कर्तव्य है कि हम जनता के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर उन्हें न्याय दिलाने का निर्वहन करे। मैं बताना चाहता हूँ कि मैं इस आंदोलन में आपके साथ हूँ। विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे कहा, हम सब मिलकर इस आंदोलन को आगे ले जाने का कार्य करेंगे। सही मायने में आरक्षण का मुद्दा और इससे जुड़े संबंधित मुदे बड़े स्तर पर देश में सभी क्षेत्र में चल रहे है। और ऐसे समय में फिर एक नया मुद्दा हमारे सामने है जो गंभीर है। अनुसूचित जाति आरक्षण में उपवर्गीकरण करते समय राज्य सरकार ने बदर समिति का जो अहवाल है उसे सार्वजनिक करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया है उसके सभी पहलुओं का पालन होना चाहिये।

### यह भी बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे कहा, महत्वपूर्ण ये है कि वर्तमान में जातिनिहाय जनगणना होने जा रही है। जब तक जनगणना का परिणाम नही आता, तब तक इसे करना जरूरी है क्या? जो हमारा मूल आरक्षण है, उसे धक्का नही लगना चाहिए। उन्होंने कहा- क्या सही में इसकी जरूरत है? क्या समाज के लोग चाहते है? इस पर विचार करने की जरूरत है। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, राज्य में सांसद है, विधायक है, जनप्रतिनिधि है। सबको इस उपवर्गीकरण के विरोध में एक होने की जरूरत है। आगामी समय में इस लड़ाई में हम सब साथ है। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि चाहे इसके लिए रास्ते में उतरकर लड़ना क्यों न पड़े। विधानसभा में इस मुद्दे को गम्भीरता से उठाकर सरकार को अपनी मांगे मनवाने बाध्य करने का कार्य करेंगे।

## महाराष्ट्र सरकार अनुसूचित जातियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैः बडोले



महाराष्ट्र के पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार बडोले ने शनिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार अनुसूचित जाति समुदाय के बीच मतभेद पैदा करने और उप-वर्गीकरण के माध्यम से ''भाइयों'' को आपस में लड़वाने की कोशिश कर रही है। गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बडोले ने मांग की कि अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण पर न्यायमूर्ति बदर समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। बडोले भाजपा के नेतृत्व वाले 'महायुति' गठबंधन के घटक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक हैं।

उच्चतम न्यायालय के उस फैसले के बाद, जिसमें राज्यों को अनुसूचित जाति श्रेणी के भीतर उप-श्रेणियां बनाने की अनुमति दी गई थी, महाराष्ट्र सरकार ने 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनंत बदर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। एक महीने से अधिक समय पहले पेश की गई यह रिपोर्ट अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, जबकि सरकार ने आपत्तियां और राय आमंत्रित की हैं। इस कदम से अनुसूचित जाति समुदायों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बडोले ने कहा, ''उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत आरक्षण की सुरक्षा प्रदान की थी। अब सरकार इसे टुकड़ों में बांट रही है और भाइयों के बीच लड़ाई करा रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 59 अनुसूचित जातियों में से एक भी विशेषज्ञ को शामिल किए बिना जल्दबाजी में बदर समिति का गठन किया। उन्होंने कहा, ''सरकार को इस रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक करना चाहिए।'' पूर्व मंत्री ने यह भी मांग की कि संसद में कानून बनाकर उप-वर्गीकरण संबंधी निर्णय को रद्द किया जाए।

# सामाजिक समरसता आयाम के संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद गोंदिया नगर की बैठक का हुआ आयोजन..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिनांक 24 अप्रैल 2026 को स्थानीय गुरुनानक विद्यालय के ऑडिटोरियम में विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता आयाम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाज के गणमान्य अध्यक्षों एवं समिति***

सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस बैठक में सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के विषय पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता देवजी भाई रावत (अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद) ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में समरसता स्थापित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही संगठन का मूल उद्देश्य है और इसी दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सद्भाव, सहयोग और समानता की भावना विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रुप में श्री संजय चौधरी, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख, विदर्भ, श्री मनोज पारेख, जिला उपाध्यक्ष, विहिप, श्री रतन वासनिक (बौद्ध समाज), श्री बालाभाऊ बिसेन (मांगगरोडी समाज), श्री अनिल बिसेन (पवार समाज), श्री सतबीर भाटिया, नगर उपाध्यक्ष, विहिप, श्री दुलीचंद बुद्धे (ज्येष्ठ नागरी सेवा संघ), श्री दरयानोमाल आसवानी, (सिंधी जनरल पंचायत), श्री मुन्ना लिल्हारे, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख, विहिप उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं समाजहित के संकल्प के साथ हुआ।

# लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में किया गया विज्ञान संस्कार शिविर का प्रेरणादायी आयोजन



जगप्रेरणा गोंदिया।

***विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, नवाचार और प्रयोगधर्मिता को नई दिशा देने के उद्देश्य से विज्ञान भारती, विदर्भ प्रांत मंडल के तत्वावधान में लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विज्ञान संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर का शुभारंभ मां***

सरस्वती के पूजन एवं मंगलाचरण के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें ज्ञान और संस्कार का सुंदर समन्वय देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में श्रीमती रंजीता लांजेवार एवं श्रीमती स्वीटी अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्री आशीष अग्रवाल, संचालिका श्रीमती रेशमा जी अग्रवाल तथा प्राचार्य श्री जावेद शेख ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक श्री दीपेंद्र चौहान एवं शैक्षणिक सलाहकार श्रीमती मधु पांडे भी उपस्थित रहीं।शिविर के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता डॉ. टी. एम. ढेकवार ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से परिचित कराते हुए उन्हें जिज्ञासु और प्रयोगशील बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं सुश्री पूनम बोरकर, सुश्री निकिता बावनकर, श्रीमती दीप्ति गुप्ता, सुश्री अंजलि ज्ञानचंदानी, श्री गिरीश छत्तानी एवं श्री उदित खोटेले के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिदिन रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रयोग करवाए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को स्वयं प्रयोग करने हेतु विशेष सामग्री (किट) भी प्रदान की गई है, जिससे वे 'सीखो और करके सीखो' की भावना को आत्मसात कर रहे हैं। इस शिविर की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि गोंदिया जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक इसमें सहभागिता कर रहे हैं। पूर्णतः निःशुल्क इस शिविर में विद्यार्थियों को प्रतिदिन अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि उनके भीतर रचनात्मकता और आत्मविश्वास का भी संचार कर रहा है, जिससे वे भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित हो सकें।

## गोंदिया में वॉशेबल एप्रन का बैलेस्टेड ट्रैक में रूपांतरण कार्य 12 घंटे पहले हुआ पूर्ण..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में गोंदिया रेलवे स्टेशन पर वॉशेबल एप्रन को बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने का महत्वपूर्ण कार्य आज सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता के निर्देशन एवं समन्वय में इस कार्य को निर्धारित 20 दिनों के ब्लॉक के विरुद्ध 12 घंटे पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया तथा ट्रैक की फिटनेस प्रदान करते हुए ब्लॉक निरस्त कर दिया गया। यह उपलब्धि उत्कृष्ट योजना, समन्वय एवं उच्च स्तर की कार्यकुशलता का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि यह कार्य विगत 4 वर्षों से लंबित था तथा संबंधित ट्रैक की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित हो गई थी, जिससे ट्रेन संचालन में जोखिम बना हुआ था। अब इस रूपांतरण के पश्चात ट्रैक की सुरक्षा एवं स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। नवीन बैलेस्टेड ट्रैक के चालू होने से वर्तमान गति सीमा 20 किमी/घंटा से बढ़ाकर 30 किमी/घंटा किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित, सुचारु एवं प्रभावी होगा तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने इस कार्य को समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना की है। वहीं, मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे संरक्षा एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com